


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 145 | मंगलवार, 7 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




# एलएनजी संकट टला, सरकार ने हटाए गैस आपूर्ति पर आपात प्रतिबंध

## होर्मुज जलडमरूमध्य से सप्लाई सामान्य होने के बाद राहत, उद्योगों और बिजली क्षेत्र को मिलेगा सीधा लाभ

>> पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से एलएनजी आपूर्ति फिर सामान्य हुई

>> केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाए गए अधिकांश आपातकालीन प्रतिबंध वापस लिए

>> उद्योग, बिजली और उर्वरक क्षेत्र को गैस आपूर्ति में मिलेगी राहत



**नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने और होर्मुज जलडमरूमध्य से तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने के बाद केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाए गए अधिकांश आपातकालीन प्रतिबंध हटा दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 में संशोधन करते हुए वे विशेष प्रावधान समाप्त कर दिए हैं, जिन्हें संभावित ऊर्जा संकट से निपटने के लिए लागू किया गया था। सरकार के इस फैसले से उद्योग, बिजली उत्पादन और अन्य गैस आधारित क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

आपातकालीन व्यवस्था लागू होने के दौरान घरेलू और आयातित प्राकृतिक गैस का आवंटन सरकार द्वारा तय प्राथमिकता सूची के अनुसार किया जा रहा था। गैस की उपलब्धता को देखते हुए सबसे पहले आवश्यक क्षेत्रों को आपूर्ति सुनिश्चित की जाती थी, जबकि अन्य क्षेत्रों को सीमित मात्रा में गैस उपलब्ध कराई जा रही थी। अब संशोधित आदेश लागू होने के बाद अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य व्यवस्था के अनुसार गैस आपूर्ति बहाल हो जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा व्यापार मार्गों में से एक है। खाड़ी देशों से निकलने वाला बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और एलएनजी इसी समुद्री मार्ग से एशिया और यूरोप के देशों तक पहुंचता है। भारत भी अपनी एलएनजी आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में इस मार्ग पर किसी भी प्रकार का संकट देश की ऊर्जा सुरक्षा और गैस आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। हालात सामान्य होने से भारत सहित कई आयातक देशों को राहत मिली है।

हालांकि फिलहाल स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन केंद्र सरकार ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सतर्क बनी हुई है। वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि भविष्य में किसी भी संभावित आपूर्ति संकट की स्थिति में समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। सरकार प्राकृतिक गैस के आयात स्रोतों में विविधता लाने, रणनीतिक ऊर्जा भंडार बढ़ाने और दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों पर भी काम कर रही है, जिससे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय संकट का घरेलू बाजार पर कम से कम प्रभाव पड़े। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिबंध हटने से प्राकृतिक गैस बाजार में सामान्य गतिविधियां बहाल होंगी। गैस आधारित उद्योगों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और ऊर्जा क्षेत्र में अनिश्चितता कम होगी।

### उद्योग और बिजली क्षेत्र को मिलेगा फायदा

सरकार के इस फैसले का सबसे अधिक लाभ गैस आधारित उद्योगों, बिजली संयंत्रों, उर्वरक कंपनियों और सिटी गैस वितरण क्षेत्र को मिलने की संभावना है। प्रतिबंध हटने के बाद इन क्षेत्रों को आवश्यकतानुसार गैस उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उत्पादन गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि गैस आपूर्ति सामान्य होने से औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा दबाव कम होगा और ऊर्जा क्षेत्र में स्थिरता आएगी।

### संकट टलने के बाद लिया गया फैसला

हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 9 मार्च 2026 को प्राकृतिक गैस वितरण पर विशेष नियंत्रण लागू किया था। उस समय आशंका थी कि यदि एलएनजी आपूर्ति प्रभावित हुई तो देश में गैस संकट पैदा हो सकता है। अब क्षेत्र में तनाव कम होने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर स्थिति सामान्य होने के बाद सरकार ने इन अस्थायी प्रतिबंधों को वापस लेने का निर्णय लिया है।

# बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव

>> निर्वाचन आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

>> आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू



**कोलकाता**

भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की तीन रिक्त राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। आयोग के अनुसार इन सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। चुनावी प्रक्रिया की शुरूआत 7 जुलाई को अधिसूचना जारी होने के साथ होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 जुलाई को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। निर्धारित अवधि तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद 24 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जबकि उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। राज्यसभा उपचुनाव में आम जनता मतदान नहीं करती। इन चुनावों में संबंधित राज्य की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य (विधायक) मतदान करते हैं। मतदान एकल संक्रमणीय मत प्रणाली (सिंगल ट्रांसफरेबल वोट) और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के आधार पर कराया जाता है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मौजूदा संख्याबल को देखते हुए प्रमुख राजनीतिक दलों ने उपचुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। उपचुनाव की घोषणा के बाद राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। विभिन्न दल इन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा में दलों की मौजूदा संख्या को देखते हुए चुनाव परिणाम काफी हद तक संख्याबल पर निर्भर रहेंगे, फिर भी उम्मीदवारों के चयन और राजनीतिक संदेश के लिहाज से यह उपचुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### तीन नेताओं के इस्तीफे से खाली हुई सीटें

राज्यसभा की ये तीनों सीटें वरिष्ठ सांसद सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाईक के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई हैं। संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत रिक्त सीटों को भरने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर उपचुनाव कराया जाना आवश्यक होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 6,721 अमरनाथ यात्रियों का चौथा जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था रविवार तड़के जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो बेस कैंपों के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। 2,590 तीर्थयात्रियों ने छोटे बालटाल रूट को चुना जबकि 4,131 ने पारंपरिक पहलगाम रूट को चुना है। इस जत्थे में 4,576 पुरुष तीर्थयात्री, 1,310 महिलाएं, 22 बच्चे, 572 साधु, 154 साध्वियां, 38 विदेशी पुरुष श्रद्धालु और 49 विदेशी महिला शामिल हैं।

### 25 हजार वीबी-जीरामजीः करोड़ की किस्त जारी विकसित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जीरामजी-अधिनियम केसफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रुपए की मुख्य सहायता राशि जारी की। उन्होंने कहा कि किस्त का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि हो ताकि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जा सके।

### कैलारस नपा उपाध्यक्ष के पति ने खुद को गोली मारी

**कैलारस।** नगर पालिका कैलारस की उपाध्यक्ष सीमा राणावत के पति भाजपा नेता अशोक राणावत की गोली लगने से शनिवार की रात मौत हो गई। बताया गया है कि राणावत ने आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वे शनिवार को चौकी गांव स्थित अपने फार्म हाउस पर थे। उनके परिवार के अन्य सदस्य कैलारस कस्बा स्थित निवास पर थे। रात को उनके पुत्र विनय को यह सूचना मिली कि उनके पिता को गोली लगी है। परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामले में तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पेपर लीक मामले में रविवार को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आगरा की एक निजी प्रिंटिंग कंपनी के कर्मचारी हैं। उन पर छपाई के दौरान सुरक्षित परिसर से पेपर बाहर निकालने का आरोप है।

### तीसरी बार विवाह के बंधन में बंधे आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने रविवार को फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़ी गौरी स्प्रैट के साथ रजिस्टर्ड शादी की। आमिर की यह तीसरी शादी है। शादी मुंबई के बांद्रा स्थित उनके आवास पर सादे समारोह में हुई। शादी की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें दोनों जमीन पर बैठकर विवाह के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते दिख रहे हैं।

### बांकीपुर से चुनाव लड़ेंगे प्रशांत किशोर

**पटना।** बिहार की बांकीपुर विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रशांत किशोर जन सुराज के प्रत्याशी होंगे। बिहार जन सुराज अध्यक्ष मनोज भारती ने रविवार को पत्रकार वार्ता में इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि कोर कमेटी में सर्वसम्मति फैसला हुआ कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशांत किशोर पार्टी की तरफ से प्रत्याशी होंगे। गौरतलब है कि बांकीपुर में 30 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होगा।

### देशभर में बंद किए गए 58 इंजीनियरिंग कॉलेज

**नई दिल्ली।** एआईसीटीई ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान देशभर में 58 इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेजों को बंद कर दिया है। इसके अलावा, तकनीकी और इंजीनियरिंग कॉलेजों में संचालित 950 से अधिक पाठ्यक्रम भी बंद किए गए। हालांकि, इन संस्थानों में पहले से पढ़ रहे छात्रों की पढ़ाई जारी रहेगी। बंद होने वाले 58 कॉलेजों में से सबसे अधिक 12-12 संस्थान उप्र और महाराष्ट्र से हैं। इसके बाद मध्यप्रदेश में 8, तेलंगाना और पंजाब में 4-4 संस्थान बंद हुए हैं। आंध्र प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन कॉलेज बंद हुए, जबकि गुजरात, कर्नाटक, पुणे और तमिलनाडु में दो-दो संस्थान बंद कर दिए गए।

# दिल्ली में बदलेगी शराब नीति, महिलाओं की सुरक्षा पर रहेगा खास फोकस

>> राजस्व बढ़ाने, अवैध कारोबार रोकने और तकनीक आधारित निगरानी के लिए सरकार तैयार कर रही नई आबकारी नीति

**नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार नई आबकारी नीति को अंतिम रूप देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के बाद सरकार अब ऐसी नई शराब नीति लागू करने की तैयारी में है, जिसका उद्देश्य आबकारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाना है। प्रस्तावित नीति में राजस्व बढ़ाने, अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने और विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था से शराब बिक्री प्रणाली अधिक व्यवस्थित होगी और सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन भी मजबूत होगा। सरकार नई नीति में डिजिटल और तकनीकी निगरानी प्रणाली को प्रमुख आधार बनाने जा रही है। इसके माध्यम से शराब की खरीद, बिक्री, भंडारण और परिवहन पर रियल-टाइम निगरानी रखी जाएगी। इससे अवैध कारोबार, कर चोरी और बिना अनुमति शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकार को राजस्व संग्रह की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में भी सहायता मिलेगी।

नई आबकारी नीति तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप चुकी है। अब सरकार उस रिपोर्ट के विभिन्न बिंदुओं पर उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर रही है। सरकार का उद्देश्य ऐसी नीति बनाना है जो व्यवहारिक होने के साथ-साथ सभी हितधारकों के लिए संतुलित और प्रभावी साबित हो। नई नीति के जरिए अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और बिक्री पर कठोर कार्रवाई की तैयारी है। इसके लिए लाइसेंस व्यवस्था, आपूर्ति श्रृंखला और वितरण प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

### महिलाओं की सुरक्षा होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

नई आबकारी नीति में शराब दुकानों के आसपास महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की असुविधा, अभद्र व्यवहार या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। प्रस्तावित नियमों के तहत दुकानों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, निगरानी बढ़ाने और सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया जा सकता है। उद्देश्य यह है कि महिलाओं सहित सभी नागरिक सुरक्षित वातावरण में आवागमन कर सकें।

# अमेरिका से दोगुनी एलपीजी खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली**

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अमेरिका से एलपीजी (रसोई गैस) का आयात मौजूदा स्तर से लगभग दोगुना करने की योजना पर काम कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार का लक्ष्य खाड़ी देशों पर आयात निर्भरता कम करना और वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप एक सुरक्षित एवं संतुलित ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था तैयार करना है। इसी रणनीति के तहत 30 दिनों की आवश्यकता के बराबर रणनीतिक एलपीजी भंडार बनाने की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े एलपीजी उपभोक्ता देशों में शामिल है। उज्ज्वला योजना और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गैस खपत के कारण देश में एलपीजी की मांग लगातार बढ़ रही है। घरेलू उत्पादन इस मांग को पूरा करने में पर्याप्त नहीं है, इसलिए भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। अब तक भारत की अधिकांश एलपीजी आपूर्ति सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत जैसे खाड़ी देशों से होती रही है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, समुद्री मार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उतार-चढ़ाव ने भारत को आयात के स्रोतों में विविधता लाने के लिए प्रेरित किया है। इसी रणनीति के तहत भारतीय तेल कंपनियां अमेरिका से एलपीजी आयात को वर्तमान लगभग 22 लाख टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर करीब 44 लाख टन प्रतिवर्ष करने की तैयारी कर रही हैं।

# खामेनेई को अंतिम विदाई, तेहरान में उमड़ा जनसैलाब

>> श्रद्धांजलि सभा में हजारों लोग शामिल

>> बेटे मोजतबा की गैर मौजूदगी पर चर्चाएं तेज

>> ट्रंप के बयान पर ईरान का तीखा पलटवार



**तेहरान**

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए रविवार को राजधानी तेहरान में हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम संस्कार के दूसरे दिन आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, सरकारी अधिकारी और सैन्य नेतृत्व शामिल हुआ। हालांकि पूरे समारोह के दौरान सबसे अधिक चर्चा खामेनेई के बेटे और संभावित उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई की गैरमौजूदगी को लेकर रही। वहीं, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से व्यक्त शोक पर ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे "नकली आंसू" बताया और कहा कि ऐसे बयानों में कोई संवेदनशीलता या सभ्यता नहीं है। श्रद्धांजलि समारोह में खामेनेई के तीन बेटे मुस्तफा, मेयसाम और मसूद अपने पिता के पार्थिव शरीर के निकट मौजूद रहे और प्रार्थना में शामिल हुए।

### श्रद्धांजलि देने उमड़े हजारों लोग

तेहरान में आयोजित अंतिम श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अयातुल्ला खामेनेई को अंतिम विदाई दी। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में हजारों लोग प्रार्थना सभा में शामिल दिखाई दिए। लोगों ने दिवंगत नेता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश की एकता और स्थिरता की कामना की। ईरानी प्रशासन ने समारोह के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी और राजधानी के कई इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे।

# अमरनाथ यात्रा में 'तत्काल रजिस्ट्रेशन' के नाम पर ठगी से सावधान

## जम्मू में सक्रिय हुए फर्जी एजेंट, उपराज्यपाल के सख्त निर्देश, पुलिस ने श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील की

>> उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जालसाजों पर कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

>> 'तत्काल पंजीकरण' के नाम पर श्रद्धालुओं से की जा रही ठगी



**जम्मू**

देशभर से बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए जम्मू पहुंच रहे श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच ठगी के मामले भी सामने आने लगे हैं। 'तत्काल पंजीकरण' कराने का झांसा देकर कुछ फर्जी एजेंट श्रद्धालुओं से अवैध रूप से पैसे वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलिस को ऐसे जालसाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत पंजीकरण केंद्रों से ही यात्रा पंजीकरण कराएं और किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं। अमरनाथ यात्रा के लिए देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जम्मू पहुंच रहे हैं। इसी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व खुद को एजेंट बताकर तत्काल पंजीकरण कराने का दावा कर रहे हैं। इसके बदले वे श्रद्धालुओं से मोटी रकम की मांग कर रहे हैं। कई यात्रियों ने बताया कि पंजीकरण केंद्रों के आसपास कुछ लोग उन्हें रोककर जल्दी रजिस्ट्रेशन कराने का लालच दे रहे थे। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में भ्रम की स्थिति भी पैदा हो रही है। जम्मू पुलिस ने पंजीकरण केंद्रों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कई स्थानों पर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। एसएसपी जम्मू ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करेगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा पंजीकरण केवल अधिकृत केंद्रों या अधिकृत ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से ही कराएं। यदि कोई व्यक्ति तत्काल पंजीकरण या विशेष सुविधा के नाम पर पैसे मांगता है, तो उस पर भरोसा न करें।

### उपराज्यपाल ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्पष्ट कहा है कि श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को ऐसे फर्जी एजेंटों की पहचान कर उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि अमरनाथ यात्रा पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही है और किसी भी निजी एजेंट की आवश्यकता नहीं है।

# महाराष्ट्रः झरने के पास फंसे 100 से ज्यादा पर्यटक, ग्रामीणों ने बचाया

**रायगढ़ (महाराष्ट्र)**



बारिश के चलते महाराष्ट्र के खालापुर तालुका (खोपोली) स्थित प्रसिद्ध जेनिथ झरने पर अचानक बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए, जिससे वहां मौजूद 100 से अधिक पर्यटक फंस गए। इस संकट की घड़ी में विहारी ठाकुरवाड़ी गांव के स्थानीय ग्रामीणों ने साहस का परिचय दिया।

ग्रामीण रस्सियां लेकर मौके पर पहुंचे और उफनती नदी को पार कर पर्यटकों तक पहुंचे। ग्रामीणों ने सूझ-बूझ से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पानी के तेज बहाव के बीच से सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उधर, दिल्ली-एनसीआर में भी रविवार को तेज हवा के साथ बारिश हुई। गुजरात के जूनागढ़ में कई इलाकों में 4 फीट तक पानी भर गया।

### मध्यप्रदेश में अब 163 मिमी बारिश दर्ज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में अब तक 163 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से केवल छह प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में पूर्वी तथा पश्चिमी मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 72 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा बालाघाट जिले के बैहर में रिकॉर्ड की गई। वहीं, भिंड के अटेर में 70 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा देवास के हाटपिपल्या में 58 मिमी, पांढुर्णा के सौंसर में 60 मिमी, दमोह के पटेरा में 56 मिमी, मंडला में 53.9 मिमी, छिंदवाड़ा के परासिया में 53.2 मिमी तथा सागर के देवरी में 52.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, दमोह, सागर, नरसिंहपुर और डिंडोरी जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

# भारत आएंगे दक्षिण अफ्रीका के 8 और चीते

## प्रोजेक्ट चीता को मिलेगी नई रफ्तार, कूनो रहेगा मुख्य लॉन्चिंग ग्राउंड

>> कूनो राष्ट्रीय उद्यान नए चीतों का मुख्य लॉन्चिंग ग्राउंड बना रहेगा

>> नौरादेही और गुजरात का बन्नी क्षेत्र भी चीतों के नए आवास के रूप में विकसित होंगे



**नई दिल्ली**

भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को फिर से बसाने की महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति मिलने जा रही है। परियोजना की सफलता से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह से आठ और चीते देने पर सहमति जताई है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष अधिकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद इस दिशा में तैयारी तेज कर दी गई है। नए चीतों को पहले मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में रखा जाएगा, जो भविष्य में भी विदेशी चीतों के लिए मुख्य लॉन्चिंग ग्राउंड बना रहेगा।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, विदेश से आने वाले सभी चीतों को प्रारंभिक रूप से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में ही रखा जाएगा। यहां पहले से विकसित क्वारंटीन बाड़े, निगरानी व्यवस्था और विशेषज्ञों की टीम मौजूद है, जिससे नए चीतों को भारतीय वातावरण के अनुरूप ढालने में आसानी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि कूनो अब केवल एक अभयारण्य नहीं, बल्कि भारत में चीता संरक्षण का केंद्रीय केंद्र बन चुका है। भविष्य में भी विदेशों से आने वाले चीतों की पहली मंजिल कूनो ही रहेगा। सरकार अब चीतों के लिए नए आवास विकसित करने की दिशा में भी तेजी से काम कर रही है। मध्य प्रदेश का नौरादेही अभयारण्य लगभग तैयार है और जल्द ही यहां भी चीतों को बसाया जा सकता है। इसके अलावा गुजरात के बन्नी घास क्षेत्र को भी चीता संरक्षण के लिए विकसित किया जा रहा है। इन नए आवासों के विकसित होने से कूनो पर दबाव कम होगा और चीतों के लिए अधिक प्राकृतिक क्षेत्र उपलब्ध हो सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि चीता केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि घास के मैदानों के पारिस्थितिक तंत्र का प्रमुख शिकारी है। इसके संरक्षण से पूरे इकोसिस्टम को संतुलित रखने में मदद मिलती है।

### प्रोजेक्ट चीता को मिली अंतरराष्ट्रीय मजबूती

भारत ने वर्ष 2022 में करीब सात दशक बाद अफ्रीकी चीतों को देश में बसाने की ऐतिहासिक पहल की थी। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा गया था। शुरूआती चुनौतियों के बावजूद परियोजना ने अब सकारात्मक परिणाम दिए हैं। कई चीतों ने भारतीय परिस्थितियों में खुद को सफलतापूर्वक ढाल लिया है और उनके शावकों के जन्म से परियोजना को नई सफलता मिली है। इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत को छह से आठ और चीते उपलब्ध कराने पर सहमति दी है।

### 53 चीतों तक पहुंची संख्या

वर्तमान में मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर अभयारण्य में कुल 53 चीते मौजूद हैं। इनमें अफ्रीका से लाए गए वयस्क चीते और भारत में जन्मे शावक शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह संख्या दर्शाती है कि भारत में चीतों का पुनर्वास धीरे-धीरे सफल हो रहा है। यदि नई खेप भी सफलतापूर्वक बस जाती है तो देश में चीतों की आबादी और मजबूत होगी।

## एक नजर

### उधार के रुपये मांगने गई महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**बरेली।** जनपद के शाही थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया कल्यानपुर में उधार के रुपये वापस मांगने गई एक महिला से छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर पीड़िता और उसके परिवार के साथ मारपीट भी की गई। पीड़िता के अनुसार, उसके पति ने गांव के ही एक युवक को एक हजार रुपये उधार दिए थे। 5 जुलाई की रात नौ बजे जब वह रुपये लेने आरोपी के घर गई, तो उसने महिला को अकेला पाकर उसका हाथ पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आरोपी भाग निकला। इसके बाद आरोपी पक्ष के लोगों ने पीड़िता के परिवार के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इस्तीफा मंजूर न हुआ तो हाईकोर्ट जाने की चेतावनी, विभागीय जांच में रखा पक्ष

## निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री बोले- आरोप पत्र पर दिया जवाब ही अंतिम

जागरण मोर्चा कार्यालय



निलंबित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री मीडिया से बातचीत करते हुये।

**बरेली।** प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) से निलंबित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपने खिलाफ चल रही विभागीय जांच के दौरान जांच अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद बाहर निकलकर मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोप पत्र पर जो लिखित जवाब उन्होंने पहले ही प्रस्तुत कर दिया है, वही उनका आधिकारिक और अंतिम पक्ष है। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि अब पूरा मामला जांच रिपोर्ट और शासन के फैसले पर निर्भर है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया, तो वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाएंगे और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अलंकार अग्निहोत्री के अनुसार, उन्होंने 26 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन करने के आरोप में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इस पूरे प्रकरण की विभागीय जांच शासन द्वारा मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी को सौंपी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को वह मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे और जांच अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखा। मीडिया से बातचीत में अलंकार ने कहा कि उन्होंने जो फैसला लिया था, उस पर वह आज भी पूरी तरह अडिग हैं। उनका कहना है कि यदि शासन स्तर पर उनके साथ न्याय नहीं हुआ, तो वह कानूनी लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपने संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि सरकारी सेवा से अलग होने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी का गठन किया है। उनका कहना है कि अब वह सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहेंगे और व्यवस्था में बदलाव के लिए काम करेंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान अलंकार अग्निहोत्री ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मंदिर निर्माण से संबंधित कार्यों में हजारों करोड़ रुपये की अनियमितताएं हुई हैं। उनका कहना था कि अब तक केवल छोटे कर्मचारियों पर ही कार्रवाई हुई है, जबकि पूरे तंत्र की निष्पक्ष और व्यापक जांच होनी चाहिए। हालांकि, राम मंदिर को लेकर अलंकार अग्निहोत्री द्वारा लगाए गए ये आरोप उनके व्यक्तिगत दावे हैं। इनकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और फिलहाल इस संबंध में संबंधित पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# विवाहिता को जबरन तेजाब पिलाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के उमरसिया गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को जबरन तेजाब पिलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर हालत में पीड़िता को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता रामवीर, निवासी रुद्रपुर, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रीति की शादी 28 मार्च 2026 को कैंट क्षेत्र के उमरसिया निवासी धर्मेंद्र से की थी। शादी में करीब 15 से 16 लाख रुपये का घरेलू सामान और नकद दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष व्यवसाय के नाम पर मायके से दो लाख रुपये और लाने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर प्रीति को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

पीड़िता के पिता के अनुसार, 14 जून को पति धर्मेंद्र, ससुर ज्वाला प्रसाद और सास कमला देवी ने मिलकर प्रीति को जबरन तेजाब पिला दिया। घटना की सूचना मिलने पर जब मायके वाले मौके पर पहुंचे, तो पीड़िता ने पूरी आपबीती उन्हें बताई। कैंट थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर घटना के करीब 22 दिन बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच कर रही महिला उप निरीक्षक भारती रानी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नसीम अहमद ने मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी (बरेली)।** पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति नसीम अहमद ने नगर की बिजली, स्वास्थ्य, किसानों और यातायात से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के विकास और आम जनता की सुविधाओं के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं।

ज्ञापन में कहा गया कि लगभग एक लाख की आबादी वाले बहेड़ी नगर में 2000 से अधिक कपड़ा उद्योग, 20 राइस मिल, एक दर्जन से अधिक लकड़ी आरा मशीनें तथा तहसील का सबसे बड़ा कपड़ा बाजार होने के बावजूद बिजली की भारी समस्या बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने नगर के लिए 132 केवी का नया पावर हाउस स्थापित कराने की मांग की, जिससे उद्योगों, व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि क्षेत्र के गन्ना किसानों का करीब 161 करोड़ रुपये का भुगतान अभी तक लंबित है, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। किसानों का बकाया भुगतान शीघ्र कराने की मांग की गई। इसके अलावा बहेड़ी से दिल्ली के लिए रात्रिकालीन बस सेवा शुरू करने की मांग भी उठाई गई, ताकि व्यापारियों, मरीजों और अन्य यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे फाटक पर लगातार लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की मांग भी की। ज्ञापन में कहा गया कि इस मार्ग से लगभग 800 गांवों के लोग आवागमन करते हैं और फाटक बंद होने पर मरीजों व आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी चिंता जताते हुए ज्ञापन में सीएचसी बहेड़ी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, एक्स-रे मशीन को सुचारु रूप से संचालित कराने तथा अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई, ताकि मरीजों को निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। ज्ञापन पर नगर के विभिन्न नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं। इसमें प्रमुख रूप से प्रार्थीगण पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पति नसीम अहमद तथा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से जनहित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## अधिवक्ता पर दबंगों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता मेराज अहमद के घर में घुसकर दबंगों द्वारा मारपीट और जानलेवा फायरिंग करने का मामला सामने आया है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि 6 जुलाई 2026 को पुरानी रंजिश के चलते आरोपी साथियों संग उनके घर में घुस आए। उन्होंने पूरे परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, साथ ही दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग भी की। अधिवक्ता ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी (बरेली)।** समाजवादी पार्टी, विधानसभा क्षेत्र बहेड़ी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को किसानों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बहेड़ी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र के किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई कि किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा ज्ञापन में गन्ना किसानों का लगभग 160 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान शीघ्र दिलाने, डीजल, पेट्रोल, गैस एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाने तथा महंगाई से आम जनता को राहत देने की मांग की गई। समाजवादी पार्टी ने बहेड़ी नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती को तत्काल सुधारने तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए 33 केवी पावर हाउस स्वीकृत करने की भी मांग उठाई। वहीं नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स में की गई वृद्धि को वापस लेने और शहर के मुख्य रोड पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र बहेड़ी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### शाही-फतेहगंज मार्ग बना जानलेवा

**बरेली।** शाही-फतेहगंज पश्चिमी मार्ग पर रविवार रात हुए एक और हादसे ने लोक निर्माण विभाग (PWD) के दावों की पोल खोल दी है। पीलीभीत निवासी सूरज अपने जीजा के घर लालकुआं जा रहे थे, लेकिन रास्ते के गहरे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। शाही से फतेहगंज पश्चिमी तक का पूरा मार्ग वर्तमान में जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पौने दो माह पहले जिलाधिकारी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने 15 दिन में सड़क मरम्मत का लिखित आश्वासन दिया था, जो हवा साबित हुआ। इसके बाद ग्रामीणों के चक्काजाम पर एक सप्ताह का वादा भी फेल रहा। अधिशासी अभियंता भगत सिंह सैनी का कहना है कि बिटुमिन (तारकोल) न मिलने से देरी हुई है, सामग्री मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# बरेली पुलिस ने लौटाए 466 गुमशुदा मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय



चोरी के मोबाइल को बरामद कर मोबाइल को सौंपती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** बरेली पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अपने विशेष अभियान में बड़ी सफलता दर्ज की है। जून माह के दौरान साइबर टीम और जनपदीय सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में 466 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 93 लाख रुपये है। रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित रविंद्रालय में आयोजित कार्यक्रम में ये मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। वर्षों से खोए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी।

यह अभियान एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में चलाया गया, जिसकी सतत निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर से की गई। विभिन्न थानों में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों, साइबर टीम और सर्विलांस सेल ने अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए मोबाइल फोन ट्रैक किए। CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल सहित अन्य तकनीकी संसाधनों की मदद से मोबाइलों का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित बरामद किया गया। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने जानकारी दी कि जनवरी 2025 से जून 2026 के बीच जिले में कुल 5725 गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 11.43 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि आमजन की संपत्ति की सुरक्षा के लिए ऐसे डिजिटल अभियानों को आगे भी नियमित रूप से चलाया जाएगा। मोबाइल बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रेमनगर, कैंट, सुभाषनगर, इज्जतनगर, मीरगंज, सिरौली, शाही, आंवला, विशारतगंज, भमोरा, अलीगंज, फरीदपुर, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, देवरनिया, शेरगढ़, हाफिजगंज और क्योलड़िया थानों की साइबर टीमों के पुलिसकर्मियों को 1000 रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इससे कर्मियों का मनोबल बढ़ा है और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें और CEIR पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक कराएं। IMEI ब्लॉक होने के बाद यदि कोई अन्य व्यक्ति उस मोबाइल का उपयोग करने का प्रयास करता है, तो उसकी जानकारी पुलिस तक पहुंच जाती है, जिससे मोबाइल को जल्द ट्रैक कर बरामद करना संभव होता है।




# तहसील दिवस में गूंजीं गन्ना भुगतान बिजली और फ्लाईओवर की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों के गन्ना भुगतान से लेकर बिजली, स्वास्थ्य और यातायात की समस्याएं प्रमुखता से उठीं। समाधान दिवस में एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्र और एसडीएम इशिता किशोर तथा तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। तहसील दिवस में किसानों ने चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाते हुए जल्द भुगतान कराने की मांग की। अधिकारियों ने सभी शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तहसीलदार भानु प्रताप सिंह सप्लाई इंस्पेक्टर शांतनु सिंह तथा सभी विभागों से अधिकारी रहे।




## जूनोसिस दिवस पर रेबीज़ जागरूकता अभियान

**बरेली।** विश्व जूनोसिस दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के मार्गदर्शन में यूपीएचसी सीबीगंज द्वारा विभिन्न स्कूलों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता के नेतृत्व में वुडरो, डॉल्फिन और एवीएस स्कूल के विद्यार्थियों को पशुओं से इंसानों में फैलने वाले जूनोटिक रोगों की जानकारी दी गई। डॉ. गुप्ता ने रेबीज़ और बर्ड फ्लू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता तथा पालतू पशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कुत्ता या बिल्ली काटने पर तुरंत साबुन-पानी से घाव धोकर उसी दिन एंटी-रेबीज़ वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है।

# एमएसपीएस में साइंस लीडरशिप डायलॉग आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिगण। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** विज्ञान भारती ब्रज प्रांत एवं माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में 'लीडरशिप डायलॉग ऑन साइंस एजुकेशन' एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विज्ञान शिक्षा को नवाचार, अनुसंधान और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिव कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक शशांक भाटिया, बरेली मंडल के मंडलायुक्त भूपेन्द्र सिंह चौधरी, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक राम प्रताप एवं डॉ. रवि शरण सिंह, पश्चिमी उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आशुतोष, विज्ञान भारती ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, प्रो. नवीन कुमार तथा महानगर अध्यक्ष सौरभ कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

▶ विज्ञान शिक्षा को नवाचार और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने पर हुआ मंथन

वक्ताओं ने विज्ञान शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों, नवाचार आधारित शिक्षण और भारतीय वैज्ञानिक विरासत पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जिज्ञासा और शोध प्रवृत्ति विकसित करने का राष्ट्रीय अभियान है। इस अवसर पर VVM-2026 के ब्रोशर का विमोचन किया गया। साथ ही विज्ञान भारती में विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षाविद और शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अंत में अतिथियों का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### समोदिया में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

**स्वार।** स्वार कोतवाली क्षेत्र के समोदिया रोड पर सोमवार को दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू पाया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाली के गांव धनपुर शाहदरा निवासी अता हुसैन और गांव मिलक काजी निवासी बहार हुसैन के परिवारों के बीच समोदिया रोड पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बीच बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया।

# जिला अस्पताल का नेट ठप, गर्मी में रोगी-तीमारदार हुए हाल-बेहाल

## सुबह आठ बजे पर्चा काउंटर पर आई खराबी, वाईफाई के तार हुए क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को काउंटर पर खड़े–रोगी–तीमारदार।

**रामपुर।** सोमवार को जिला अस्पताल के वाई-फाई के तार क्षतिग्रस्त होने पर दो घंटे तक इंटरनेट सेवा ठप हो गई। पर्चा काउंटर पर खड़े रोगियों का हाल-बेहाल हो गया। काफी देर तक सेवा चालू न होने पर रोगी-तीमारदार आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने बीएसएनएल के कर्मचारियों को सूचना दी। जिस पर आश्वासन दिलाया कि एक घंटे बाद क्षतिग्रस्त तारों को सही कराया जाएगा। उधर रोगी-तीमारदार सीएमएस कक्ष के बाहर खड़े हो गए। ऐसे में समस्या को देखते हुए सुबह 10 बजे अस्पताल प्रशासन ने काउंटर पर तैनात कर्मचारियों से पर्चा हाथ से बनाने को कहा। जब कहीं जाकर गुस्साएं रोगी-शांत हो गए। कतारे में खड़े रोगी-तीमारदार बोले कि आनलाइन पर्चा बनाने की प्रथा को समाप्त किया जाए। कम्प्यूटर से पर्चा बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कतार में खड़े रोगी जब तक पर्चा बनवाते हैं लेकिन जब तक डॉक्टर अपने-अपने कक्षों से उठकर चले जाते हैं इसलिए डॉक्टर को दिखाने के लिए अगले दिन आना पड़ रहा है।

### पेड़ की कटाई के कारण आई खराबी

रविवार को जिला अस्पताल के जनरेटर रूम के पास लगे पेड़ की कटाई कराई गई थी। जिसके कारण नेट के तार क्षतिग्रस्त हो गए। सोमवार को जिला अस्पताल के खुलने पर इंटरनेट सेवा बाधित हो गई। नेट सेवा में खराबी आ जाने की वजह से रोगी–तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### लिफ्ट और कमरा नंबर 25 तक लगी रहीं कतारें

सोमवार को अस्पताल में इंटरनेट सेवा बाधित होने पर रोगियों की भीड़ काफी लंबी–लंबी लगी रही। स्थिति यह रही कि लिफ्ट, पर्चा, दवा काउंटर और कमरा नंबर 25 हड्डी रोग विशेषज्ञ कक्ष तक रोगी–तीमारदार खड़े रहे। गर्मी में रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

"पेड़ की कटाई के कारण इंटरनेट सेवा बाधित हुई। तत्काल ही बीएसएनएल इंजीनियर को बुलाया गया। जब तक के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत काउंटर पर पर्चे हाथ से बनवाए गए। सभी रोगियों–तीमारदारों को पर्चे दवा–उपचार उपलब्ध कराया गया।
–डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल।

## सार संक्षेप

### एम. फैजान लखनऊ में हुए सम्मानित



एम .फैजान को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड एंटी करप्शन मिशन से जुड़े समस्त सम्मानित पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विशेष रूप से मुरादाबाद मंडल तथा जनपद रामपुर के सभी साथियों के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है। लखनऊ स्थित संगठन के मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक डा. वसीम रज़ा अंसारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष नारायण सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधिवत मनोनयन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी एम. फैजान को सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती

**मिलक।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बुधवार को मिलक के बूथ संख्या 354, मोहल्ला अस्दुल्लापुर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम जिला कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र सिंह राजपाल के आवास पर आयोजित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हरीश कुमार गंगवार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके द्वारा दिए गए बलिदान को आज भी पूरा देश याद करता है। उनके विचार और राष्ट्रवाद की भावना हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, प्रेम शंकर पांडे जिला कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र सिंह राजपाल, डॉ. विकास शुक्ला, डॉ. राम बहादुर संजय रस्तोगी, अवधेश सक्सेना, अमरजीत सिंह,शुभांक प्रकाश दीपा रस्तोगी, हेमा सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिपं अध्यक्ष ने कार्यालय में किया पौधरोपण



पौधरोपण करते अध्यक्ष, डीएफओ।

**रामपुर।** वन महोत्सव के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, डीएफओ प्रणब जैन ने कार्यालय में पौधरोपण किया। इस मौके पर डीएफओ प्रणब जैन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण संतुलन और बेहतर जलवायु के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण में जनभागीदारी करें।

# शटरिंग के गाडर गिरने से वृद्ध की मौत




- अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला,मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक हादसा सामने आया है, जहां मकान निर्माण के दौरान सिर पर लोहे का गाडर गिरने से मकान मालिक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार अ जीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा शुमाली निवासी मच्छन 65 वर्ष के घर पर मकान की छत पर लिंटर का डूला शटरिंग खोलने का काम कर रहे थे। काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से छत पर रखा एक भारी-भरकम लोहे का गाडर सीधे मच्छन के सिर पर आ गिरा।गाडर गिरते ही मच्छन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े।गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों और परिजनों ने गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन घाव इतना गहरा था कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मच्छन की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में इस हादसे से शोक की लहर है।वहीं मच्छन के भाई अच्छन ने बताया कि हम किसी तरहा की कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं और जिसका अंतिम संस्कार बेटे के आने के बाद किया जायेगा।

### मानसिक विक्षिप्त की उपचार के दौरान मौत



फाइल फोटो मृतक वीर सिंह।

**शाहबाद।** शाहबाद के चौराहे पर अचेत हालात में पड़े मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात शाहबाद के रामपुर चौराहे पर एक वृद्ध अचेत हालात में पड़े हुए थे, जिनको एंबुलेंस के द्वारा शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।डॉक्टरों ने उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया।उपचार के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कोशिश शुरूकर दी। वृद्ध के शव की शिनाख्त वीर सिंह (70) पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम नौगांवा ठकुरान थाना भमौरा के रूप में हुई। सूचना पर वीर सिंह के बेटी रूपा देवी और दामाद उमेश दास जिला अस्पताल पहुंचे। दामाद ने बताया कि उनके ससुर मानसिक रूप से कमजोर थे।कुछ दिन पहले घर से आ गए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए दे दिया। उपनिरीक्षक अतिशय जैन ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि वृद्ध की मौत हालात हालत बिगड़ने से हुई है, वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थे और दारू भी पीते थे। पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# तीन कीटनाशक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, पांच को थमाए गए नोटिस

- विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई से अन्य में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** किसानों के हितों की सुरक्षा और खाद कीटनाशक की बिक्री में पारदर्शिता करने के लिए कृषि विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में अनिमित्ताएं मिलने पर सख्त कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान तीन खाद कीटनाशाक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए है जबकि पांच विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी स्पष्टीकरण मांगा हैं।

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में 1273 खाद एवं दवा विक्रेताओं की दुकानों का सत्यापन और निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक, बिक्री अभिलेखों और आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच में कई स्थानों पर निर्धारित नियमों का पालन नहीं किए जाने जाने और अन्य अनिमित्ताएं सामने आई है। कार्रवाई के तहत चिकटी रामनगर स्थित किसान खाद भंडार, भारत खाद भंडार और किसान सेवा केंद्र के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा पांच अन्य विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन अभियान लगातारी जारी रहेगा। दवा विक्रेताओं द्वारा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### अधिवक्ता हत्याकांड की टली सुनवाई

**रामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में फारूख हत्याकांड में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। मालूम हो कि 11 फरवरी 2026 को जिला पंचायत के बाबू असगर अली ने फारूख अधिवक्ता से हुई कहासुनी और हाथापाई के बाद हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के पत्नी गौसिया ने जिला पंचायत के मुख्य अधिकारी नीरज कुमार रस्तोगी और बाबू असगर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में बाबू पर आरोप तय हो चुके हैं। सोमवार को इस मामले में मृतक के पत्नी की गवाही होनी थी। लेकिन सुनवाई न होने के कारण 20 जुलाई को होगी। वहीं दूसरी ओर मजिस्ट्रेट पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां और सपा समर्थकों द्वारा बिना अनुमति के पान दरीबा पर धरना दिए जाने के मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी।

# सेफ फ्यूचर अभियान के तहत 22 स्कूल बसों की जांच

- एक बस सीज, 3 का किया चालान,अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में संचालित 'सेफ फ्यूचर अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वाहनों के विरुद्ध संयुक्त विशेष जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान परिवहन विभाग एवं उप निरीक्षक यातायात की संयुक्त टीम ने कुल 22 स्कूल बसों का सघन निरीक्षण किया।जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई।पीटीओ होरी लाल वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान चार विद्यालयों के वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। जांच में एक बस ऐसी पाई गई, जो संबंधित विद्यालय के नाम से पंजीकृत नहीं थी, लेकिन विद्यालय के बच्चों का परिवहन कर रही थी। इस गंभीर अनियमितता पर कार्रवाई करते हुए बस को थाना शहजादनगर में सीज कर दिया गया।इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 3 स्कूल बसों का चालान किया गया, जबकि विभिन्न कमियां मिलने पर 2 स्कूल बसों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा में कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।विद्यालय एवं वाहन संचालक यह सुनिश्चित करें कि स्कूल वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों, वैध अभिलेखों एवं परिवहन नियमों का पूर्ण रूप से पालन हो। नियमों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि स्कूल वाहन में बच्चों को भेजने से पहले निम्न बिंदुओं की अवश्य जांच करें,चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो,वाहन में फर्स्ट एड (मेडिकल) बॉक्स उपलब्ध हो,बस में कार्यशील अग्निशमन यंत्र लगा हो,वाहन का वैध फिटनेस प्रमाणपत्र हो।

वाहन का वैध बीमा हो, स्कूल बस पर विद्यालय का नाम एवं संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो। यदि किसी स्कूल वाहन में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो इसकी सूचना तत्काल एआरटीओ अथवा परिवहन विभाग के अधिकारियों को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।जिलाधिकारी ने जनपद में 'सेफ फ्यूचर अभियान के तहत स्कूल वाहनों की जांच आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि प्रत्येक छात्र सुरक्षित वातावरण में विद्यालय आ-जा सके।



स्कूली बसों की चेकिंग करते अधिकारी।



ज्ञान प्रकाश बौद्ध का स्वागत करते अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

### बसपा का मुरादाबाद मण्डल कॉर्डिनेटर किया नियुक्त

**रामपुर।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश बौद्ध को मुरादाबाद मण्डल का कॉर्डिनेटर नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं शिक्षकों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं शिक्षकों ने ज्ञान प्रकाश बौद्ध को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि बौद्ध का संगठनात्मक अनुभव, समर्पण एवं जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पार्टी को मण्डल स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।सभी उपस्थित गणमान्यजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन–जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य और अधिक गति से आगे बढ़ेगा।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने ज्ञान प्रकाश बौद्ध के सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर सत्यपाल सिंह बादल ,सत्य प्रकाश गौतम, राजेश खन्ना, रमेश सागर,जितेंद्र सिंह , हरिओम रवि, प्रमोद सागर, बृजेश गौतम, सूर्य भान ,संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद सभागार में भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया माल्यार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई( –जागरण मोर्चा

**मिलक।** नगर पालिका परिषद के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की मंडल बैठक का आयोजन किया। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया।

बैठक के दौरान संगठन के वर्तमान कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया।इस दौरान नन्हे राम पाण्डेय, डॉ रामबाहादुर गंगवार, शांति स्वरूप, चंद्रभान मित्तल, संईया सक्सेना, संजय रस्तोगी, तरूण सागर, भूकन सरन, नेमचंद्र प्रजापति, महावीर मौर्य, दीपा रस्तोगी, नरेंद्र गोस्वामी, भूपराम जी विनोद सक्सेना, अवधेश सक्सेना, सोनू, एडवोकेट बसंत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मांग** तहसील परिसर में बिलासपुर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# जौहर विवि पर कार्रवाई के विरोध में उतरे सपाई, प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय





सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जौहर विवि पर हो रही कार्रवाई के विरोध में सपाइयों ने बिलासपुर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन एसडीएम को भी सौंपा। जिसमें सपाइयों का कहना है कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़न आत्मक कार्रवाई को रोका जाए। साथ ही सपा नेता आजम खां ,अब्दुल्ला आजम को जल्द रिहा किया जाए।

सोमवार को तमाम सपाई एकत्र होकर बिलासपुर तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि खाद की कालाबाजारी रोकने, आवारा पशुओं को गौशाला में रखने, मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़न आत्मक कार्रवाई रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रत्याशी सरदार अमरजीत सिंह, राजीव यादव, मुकेश यादव, दिनेश सागर, संजीव यादव, आरिफ खान अरोमा, प्रमोद गंगवार, शिवकुमार गुप्ता, सतनाम सिंह मट्टू, हरप्रीत सिंह रंधावा, जसप्रीत सिंह, प्रिंस रंधावा, हरदीप सिंह, जसकरण सिंह ढिल्लो, मनदीप सिंह, शुऐब खान, हरप्रीत सिंह, दिनेश सागर, मो. हसन, जैद खान, प्रताप सिंह लोधी, हरपाल सिंह, बाबूराम, वसीम खान, कप्तान खान, राजू गंगवार, जीशान अकरम आदि मौजूद रहे।

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती

**टांडा।** भाजपा के टांडा नगर मण्डल कार्यालय पर महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, दूरदर्शी राष्ट्रचिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वीं जयंती मनाई गई।इस अवसर पर उनके स्मृतिचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया तथा उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर टांडा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश सैनी,उपाध्यक्ष माखन लाल सैनी,रोहित शर्मा, हिमांशु ठाकुर, कृष्ण अवतार सैनी, कपिल शर्मा, टांडा नगर मंण्डल के महामंत्री उमेश सैनी, सेक्टर संयोजक केवल राम सैनी, रामस्वरूप सैनी, बूथ अध्यक्ष रजत सैनी , राजीव सैनी, धर्मेंद्र सैनी,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिलाधिकारी-एसपी ने लगाया पौधा

## जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने सौंपे आयुष्मान कार्ड, अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, संयुक्त टीम करेगी कार्रवाई



तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम और एसपी।



पौधे को पानी देते डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र कुमार मीणा ने तहसील सदर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने समाधान दिवस में आए लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। उसके वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल एवं संरक्षण तय करे। इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में संयुक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं मांगपत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 32 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कराया। प्राप्त शिकायतें मुख्यतः राजस्व, पुलिस, विद्युत, खण्ड विकास, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, नगर पालिका एवं आवास आदि से संबंधित थीं।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने खौद निवासी निशा तथा जगतपुर निवासी शौर्य को असाध्य बीमारी के उपचार के लिए अपने हाथों से आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए।समाधान दिवस में उपचार के लिए सहायता की मांग करने वाले फरियादियों के प्रार्थना-पत्रों पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्रता का परीक्षण कर अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण कराकर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क उपचार का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

**समाधान का हुआ आयोजनः** इसी प्रकार तहसील शाहबाद में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया ।जिसमें 11 शिकायतें प्राप्त हुई ।जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।तहसील टांडा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया ।19 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया ।इसके अतिरिक्त तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 5 शिकायतें प्राप्त हुई ।1 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया ।जिसमें कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई तय की जाए

राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाए जाने संबंधी प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर भी जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पात्रता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग से संबंधित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों एवं प्रभारी थाना अधिकारी को नामित करते हुए अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में औपचारिकता न बरतें तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय जांच करें। शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करने के उपरांत ही प्रकरण का निस्तारण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, अवैध कब्जा तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई तय करने के निर्देश दिए।

# रजा पुस्तकालय केवल दुलर्भ पांडुलिपियों पुस्तकों का भंडार मात्र नहीं: डॉ.पुष्कर मिश्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** रज़ा पुस्तकालय में प्रशासन एवं वित्त संबंधी सलाहकार समिति रज़ा पुस्तकालय बोर्ड के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आहुत हुई। बैठक की अध्यक्षता पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने की। बैठक में पुस्तकालय के प्रशासनिक, वित्तीय एवं संस्थागत विकास से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा विभिन्न विषयों पर महत्त्वपूर्ण अनुशंसाएं की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि रामपुर रज़ा पुस्तकालय केवल दुर्लभ पांडुलिपियों एवं पुस्तकों का भंडार मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत की बहुसांस्कृतिक, बहुभाषिक एवं बहुविषयक ज्ञान परंपरा का एक जीवंत राष्ट्रीय केंद्र है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को आगामी वर्षों में एक विश्वस्तरीय शोध, संरक्षण, डिजिटलीकरण, सांस्कृतिक कूटनीति एवं विरासत संरक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से अनेक दूरदर्शी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कहा कि समिति द्वारा अनुमोदित ये सभी प्रस्ताव पुस्तकालय को आधुनिक ज्ञान, अनुसंधान, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग के एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय प्रशासन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, रामपुर रज़ा लाइब्रेरी बोर्ड तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से इन सभी योजनाओं को चरणबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करेगा।


प्रशासन एवं वित्त संबंधी सलाहकार समिति की बैठक में बोलते निदेशक।

# सभी सड़कों को गड्ढामुक्त कराने के डीएम ने निर्देश दिए

- एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ की पीस कमेटी की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में जनपद के धर्मगुरुओं, मंदिरों के महंतों एवं विभिन्न क्षेत्रों के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में भमरौआ, पंजाब नगर, रठौंडा मंदिर सहित विभिन्न प्राचीन शिव मंदिरों के धर्मगुरुओं ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित सुझाव एवं समस्याएं रखीं।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर व्यापक साफ-सफाई कराई जाए। कंटीली झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित हो तथा श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित स्थानों पर पेयजल, विश्राम एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को सभी ढीले एवं खुले बिजली के तारों को तत्काल दुरुस्त करने तथा लोक निर्माण विभाग को मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों पर आवश्यकतानुसार टेबल-टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने एवं सभी सड़कों को गड्ढामुक्त कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यकता अनुसार कांवड़ मार्गों पर एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में प्राप्त सभी सुझावों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। सभी से अपील की कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाली जाए। डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रहे तथा स्पीकर वाहन से बाहर की ओर न लगाए जाएं। स्पीकर की ध्वनि भी निर्धारित सीमा में रखी जाए। जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


बैठक को संबोधित करते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

### कांवड़ियों के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद से हरिद्वार, बृजघाट एवं अन्य स्थानों से जल लेने जाने वाले कांवड़ जत्थों व कांवड़ियों के परिचय पत्र जारी किए जाएंगे ।साथ ही एक विशेष ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से उनकी लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे उनकी लोकेशन पर लगातार नजर रखी जा सके ।आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके ।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर की समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी मांस एवं शराब की दुकानें नियमानुसार बंद रहेंगी ।ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न धर्मगुरु, मंदिर समितियों के प्रतिनिधि एवं जनपद के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई

- कब्रिस्तान भूमि का कराया गया सीमांकन एवं अतिक्रमण हटवाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम रवन्ना निवासी नूर अहमद पुत्र सूखा द्वारा कब्रिस्तान भूमि पर अतिक्रमण संबंधी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एसीओ चकबंदी, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल तथा पुलिस बल की संयुक्त टीम ग्राम अहरोला, तहसील सदर स्थित गाटा संख्या 131, रकबा 0.228 हेक्टेयर दर्ज कब्रिस्तान भूमि पर पहुंची और विधिवत सीमांकन कराया। निरीक्षण के दौरान कब्रिस्तान का वास्तविक रकबा अभिलेखों के अनुरूप कम पाया गया, जिस पर तत्काल अतिक्रमण हटवाते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा ट्रैक्टर के माध्यम से मेडबंदी कराई गई। भविष्य में कब्रिस्तान भूमि पर पुनः किसी प्रकार का अवैध कब्जा न हो, इसके लिए ग्राम प्रधान को भूमि की फेंसिंग कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक एवं धार्मिक उपयोग की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


जमीन से कब्जा हटवाते अधिकारी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत रैली का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या टांडा कंपोजिट ब्लॉक स्वार में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में नामांकन वृद्धि हेतु स्कूल चलों अभियान के तहत एक रैली बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा नगर क्षेत्र टांडा में निकाली गई। स्कूल चलो अभियान रैली के दौरान बच्चों ने स्लोगन बोलकर घर-घर विद्या दीप जलाएं अपने बच्चे सभी पढ़ाएं और बेटा-बेटी एक समान-सबको दो विद्या का ज्ञान, बोलकर रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक राकेश बाबू, डॉ राजवीर सिंह अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, नफासत अली,अजीजुल हसन, मीनाक्षी शर्मा, प्रतिभा कुमारी, ऊषा सैनी, मंजू , सर्वेश कुमार, तबस्सुम, रेशमा, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।



रैली निकालते बच्चे एवं शिक्षक।

# नये जिलाध्यक्ष का किसानों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भाकियू के नए जिला अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है। प्रदेश कैंप कार्यालय पहुंचकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा का स्वागत किया। किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।

राष्ट्रीय नेतृत्व की संस्तुति पर दरबारीलाल शर्मा को नया जिला अध्यक्ष बनाया है। कार्यकर्ता सोमवार को भी प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद प्रदेश सचिव दरयाव सिंह के नेतृत्व में हाइवे स्थित ग्राउंड में पहुंचे। उन्होंने फूल मालाओं से नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश सचिव ने कहा कि संगठन और अधिक ताकत के रूप मे उभरेगा ।सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराएं। इस मौके पर प्रतिभा सिंह ,राम दस मौर्य ,राहत खां ,हसमत ,खालिक अहमद ,ठाकुर अनिल कुमार ,चौधरी राजपाल ,रामबहादुर यादव ,दिलबाग सिंह ,साबिर अली,मज़हर लाला ,मोहम्मद तालिब ,इरफान हुसैन ,इस्लाम शाह,महिपाल सिंह ,अकरम खा,प्रमोद यादव ,जाने आलम ,छीदद नेता राकेश सागर ,राजेंद्र सिंह ,वीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।


पंचायत को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

# हजरत इमाम हुसैन की याद में महफिल का आयोजन

- कुरआन की तिलावत से हुई कार्यक्रम की शुरूआत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुराना गंज मंगल की पैंठ स्थित मस्जिद खेतो वाली महफिल जिक्र ए शहादत का आयोजन हुआ। अध्यक्षता हाफिज मेराज उल हसन शिरी, संचालन हाफिज महफूज शिरी जमाली ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन ए पाक से की गई।

महफिल को संबोधित करते हुए मौलाना आरिफ जमाली ने हजरत इमाम हुसैन का वाक्या बयान करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को याद रखते हुए इस्लाम पर कायम रहने अल्लाह को रस्सी को मजबूती से पकड़े रहे। पूरी दुनिया में मुसलमानो पर जुल्म ज्यादती हो रही है। यह सब आपसी झगड़े का नतीजा है। हजरत इमाम हुसैन की शहादत से हमें सबक लेना चाहिए। उन्होंने जंग में भी नमाज नहीं छोड़ी नमाज को कायम रखा। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने जुल्म के आगे नहीं झुके। शहादत को गले लगाया। आज मुसलमान भटक गए है, गुमराह के रास्ते पर चलने लगे हैं। उन्हें चाहिए कि भटके हुए रास्ते को छोड़ इमाम हुसैन, उनके नाना के बताए हुए रास्तों पर चले। इस अवसर पर मेराज उल हसन, हाफिज महबूब, हाफिज मो.फैज शिरी आदि मौजूद रहे।


मंगल की पैंठ स्थित मस्जिद खेतों वाली मस्जिद में तकरीर करते। -जागरण मोर्चा

## स्वार मार्ग पर भीषण सड़क हादसा अर्टिगा कार ने बाइक को मारी टक्कर

- दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**स्वार।** स्वार मार्ग चमन शरीफ के पास एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। सोमवार को रामपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित अर्टिगा कार ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।वारदात के बाद आरोपी कार चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा ।जानकारी के अनुसार, घायल युवकों की पहचान वसीम और नफीस के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई हैं। उनके पिता का नाम नन्हे है। वे मूल रूप से भोट बक्काल के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों भाई किसी निजी काम से स्वार की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में वे इस हादसे का शिकार हो गए ।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल भाइयों को संभाला और स्वार के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है ।कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल युवकों को अस्पताल भिजवाया गया है। फरार अर्टिगा कार और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आक्रोश | उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल मंडल लगातार उठा रहे मुद्दे

# व्यापारियों ने मेडिकल कॉलेज को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंगलवार को लोग उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक कॉलोनी पर एकत्रित हुए। उसके बाद प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। कलेक्ट्रेट में जाकर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को एक अनुरोध पत्र सौंपा।

इस पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पीपीई मोड़ पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 100 बीघा भूमि ग्राम जगतपुर व ग्राम बेनजीर की अधिग्रहण की कार्रवाई की गई है। कॉलेज स्वीकृत हो चुका है लेकिन भूमि अधिग्रहण कार्यवाही पूर्ण न होने से मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो पा रहा है। मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से जनपद के सभी व्यापारी व आम जनता समय से बेहतर इलाज न मिल पाने से तड़प रहे हैं। इलाज ट्रीटमेंट के नाम पर जनता को मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। इस पूरी भूमि की हस्तानांतरण कार्रवाई में हो रही देरी की पूर्ण जिम्मेदारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार जनपद की है। क्योंकि हस्तांतरण के संबंध में पूर्व में भी अनेकों बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपर प्रभारी अधिकारी भू-व्यवस्था एवं भूमि सुधार को कार्यवाही प्रेषित की जा चुकी है भूमि हस्तानांतरण में देरी का खामयाजा जनपद की जनता भुगत रही है। व्यापार मंडल द्वारा लंबे प्रयास उपरांत स्वीकृत कराई गई एमआरआई मशीन संचालक भी जिला चिकित्सालय में शुरू किया जाना आवश्यक है जनपद में डॉक्टरों की भारी कमी है। जैसे लिवर, किडनी, न्यूरो ,आंख नाक कान गला, जनरल फिजिशियन आदि डॉक्टरों की सख्त आवश्यकता है।

इन महत्वपूर्ण रोगों के डॉक्टर ना होने से जनता को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है इस अवसर पर विक्की मियां युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, पुलकित अग्रवाल युवा नगर अध्यक्ष, गोपाल शर्मा प्रचार मंत्री ,कन्हैया लाल पटवा, राजीव सैनी, नासिर लाला ,इमरान खान, शाहिद खुसरो, रमेश सैनी, अलीम खान, हरिओम सैनी, नजाकत अली,आमिर भाई, विजय अग्रवाल आदि सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारीव व्यापारी मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

# समाधान दिवस में 56 शिकायतें पहुंचीं, 5 का मौके पर निस्तारण

## डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** तहसील सम्भल सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। समाधान दिवस में जनपद स्तर एवं तहसील स्तर के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

समाधान दिवस में कुल 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 51 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 38 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। इसके अलावा पुलिस विभाग के 5, विकास विभाग के 2, शिक्षा विभाग का 1, स्वास्थ्य विभाग का 1, चकबंदी विभाग के 2, विद्युत विभाग के 3 तथा अन्य विभागों के 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पुलिस से संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिन पर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पूरे आयोजन के दौरान सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चन्दौसी: तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में 56 शिकायतें आई। जिसमें मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण कर दिया।

सोमवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम नीतू रानी व सीओ विवेक जावला ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभागकी 18, पुलिस की 12, चकबंदी की 4, विकास की 7, खाद्य एवं रसद विभाग की 4, समाज कल्याण की 2 व शिक्षा की एक सहित 8 अन्य शिकायतें आई। कुल 56 शिकायतें में से मौके पर राजस्व की 2, पुलिस, चकबंदी व अन्य एक-एक सहित 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं एसडीएम व सीओ। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### युवती से मारपीट में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी युवती ने युवक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव मौलागढ़ निवासी प्रियंका पुत्री जगवीर सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि 4 जुलाई की शाम 7 .40 बजे वह मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक के पास किसी कार्य से गई थी। तभी गांव का युवक पंकज मौके पर पहुंच गया और युवती के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब युवती ने विरोध किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुआ फरार हो गया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



घायल युवती का मेडिकल करते चिकित्सक।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल, रेफर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मारवाड़ी में सड़क पर घूम रहे वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। मोहल्ला मारवाड़ी निवासी विनोद पुत्र रामस्वरूप रविवार की रात 8 बजे ब्रह्म बाजार पुलिस चौकी के पास घूम रहे थे। तभी बाजार की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध घायल हो गए और सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और वृद्ध को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बनी रहने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद बाइक सवार को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।



वृद्ध का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

### फूलमाला पहनाकर भक्तों को किया रवाना

**चन्दौसी।** नगर से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए सोमवार की सुबह 6 .30 बजे गाड़ियों से जत्था अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। जिसमें व्यापारी विमल कुमार चौधरी ने अमरनाथ यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बताया गया कि उक्त जत्था बाबा अमरनाथ पर पहुंच भक्तों के लिए भंडारा करेगा। सभी जत्थे की यात्रा की मंगल कामना की। इस अवसर पर उमेश चंद्र दिवाकर, ज्योति रानी, स्वाति अग्रवाल, सुमित लालू, विमलेश कुमारी, अनिल चौधरी, कृष्ण मोहन, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा था। कथा के अंतिम दिन कथा समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को कथा वाचक संत अयोध्या दास रामायणी ने श्रीराम के राज्याभिषेक, रामराज्य की स्थापना तथा श्रीराम के आदर्श शासन का वर्णन किया। कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग, सेवा, करुणा और धर्म का अनुपम आदर्श है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाए तो परिवार, समाज व राष्ट्र में सुख शांति व समृद्धि का वातावरण स्थापित हो सकता है। उन्होंने बताया कि राम राज्य केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि न्याय, समानता, प्रेम, सेवा व लोक कल्याण की भावना का प्रतीक है। श्रीराम कथा मनुष्य के जीवन को संस्कारवान बनाती है तथा उसे सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आरती के उपरांत कथा का समापन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुधीर मल्होत्रा, गगन अरोरा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, सुरेश सपरा, रमेश सपरा, कमलराज अरोरा, गुलशन मग्गो, हरीश आनंद आदि मौजूद रहे।

### राजस्व टीम ने कब्जा मुक्त कराई 13 बीघा भूमि

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव औरंगपुर सिलेटा में राजस्व विभाग की टीम ने पहुंच 13 बीघा ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। राजस्व टीम ने उक्त भूमि को ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया है। पिछले कई दिनों से एसडीएम नीतू रानी को शिकायत मिल रही थी कि तहसील क्षेत्र के गांव औरंगपुर सिलेटा में 13 बीघा ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। शिकायत के बाद सोमवार को एसडीएम ने तहसील के तहसीलदार रविंद्र विक्रम व नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह चाहर टीम के साथ गांव औरंगपुर सिलेटा पहुंचे। जहां ग्राम प्रधान की मौजूदगी में कब्जा की गई भूमि की पैमाइश का कार्य किया गया। जिसमें राजस्व टीम ने ग्राम समाज की 13 बीघा भूमि को चयनित किया। इसके बाद उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। राजस्व टीम ने कब्जा मुक्त कराई गई भूमि को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया।



भूमि की पैमाइश करतीं राजस्व विभाग की टीम।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे 151 पौधे

**हसनपुर।** एक पेड़ मां के नाम वैश्विक अभियान के अंतर्गत रविवार को तहसील आवासीय प्रांगण में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग के रेंजर नरेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय और पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी-अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा रोपा। इस दौरान परिसर में अमरूद, आंवला, अशोक, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के कुल 151 छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ लगाना जितना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा मां के नाम लगाना अति आवश्यक है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी, कानूनगो, वन विभाग के समस्त स्टाफ सहित तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने अलग अलग स्थानों पर पौधे लगाए।



पौधारोपण करते अधिकारी।

### गांव के प्रेमी के साथ गई युवती का वीडियो वायरल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से गांव के ही प्रेमी के साथ गई। युवती का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल। वायरल वीडियो में युवती ने अपने प्रेमी के साथ अपनी इच्छा से जाने और आर्य समाज मंदिर में विवाह करने का दावा किया है। साथ ही, उसने पुलिस और अपने परिजनों से ससुराल पक्ष को परेशान न करने की अपील भी की है। वीडियो में युवती कह रही है कि वह अपनी मर्जी से आई है और घर से कोई भी कीमती जेवर लेकर नहीं निकली है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर दोनों की शादी की रस्मों का एक और वीडियो भी प्रसारित हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में है। प्रारंभिक जांच के अनुसार दोनों बालिग प्रतीत हो रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोदाम में लगी आग 40 लाख का सामान जलकर स्वाह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में रविवार की रात टेंट के गोदाम में आग लग गई। आग की चपेट में आने से टेंट का लाखों का सामान जलकर स्वाह हो गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन ने पानी की बौछार मारकर आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। गांव रीठ में अतर सिंह मौर्य का टेंट का गोदाम है। रविवार की रात एक बजे अचानक टेंट के गोदाम में आग लग गई और गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगी। सूचना पर टेंट स्वामी मौके पर पहुंचा और शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। साथ ही आग की सूचना अग्निशमन को दी गई। आग लगने के बाद ढाई घंटे के बाद अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों के सहसोग से सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे आग पर काबू पाया जा सका।



आग को बुझाने का प्रयास करता ग्रामीण।

आग से टेंट व लाइट का सामान, डीजे व ट्रैक्टर जलकर स्वाह हो गया। आग से लाखों की क्षति होना बताया जा रहा है। गोदाम में तीन भैंसे भी बंधी। जिसमें से दो को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लियआ। जबकि एक भैंस की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी की। गोदाम स्वामी अतर सिंह मौर्य ने बताया कि आग से उन्हें 40 लाख रुपये की क्षति हुई है। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## क्रांतिकारी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जंयती

- समिति व जागरुकता अभियान ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरुकता अभियान भारत की ओर से स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मुखर्जी चौक पर मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्रा ने कहा कि मुखर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत शुरू की।

वह 1934 में सबसे कम आयु के 33 वर्ष में कलकत्ता विश्वविद्यालय केकुलपति बनाए गए। वह बंगाल विधान परिषद सदस्य भी चुने गए। उन्हें प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री मनाया। इसके बाद उन्होंने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की और 1952 में भारतीय जनसंघ ने तीन सीटों पर विजय प्राप्त की। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनके बलिदान के बाद शेख अब्दुल्ला को हटा दिया गया। अलग संविधान, अलग प्रधान व अलग झंडे का प्राविधान निरस्त हो गया। 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटा दी। जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, दिनेश चंद्र गुप्ता, सच्चिदानंद शर्मा, डा. जितेंद्र वर्मा, गेंदन लाल, आनंद प्रकाश यादव, ओम शंखधार, अभय राघव, हृदेश कुमार, गौरव कुमार, अक्षय ठाकुर आदि मौजूद रहे।



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते पदाधिकारी।

## बबराला से बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

- फूल-माला, पटका पहनाकर किया सम्मान, मंगलमय यात्रा की कामना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बबराला।** (संभल)। नगर बबराला से सोमवार को बाबा अमरनाथ धाम (जम्मू-कश्मीर) के पवित्र दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का एक दर्जन सदस्यीय जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा पर निकलने से पूर्व श्रद्धालुओं का स्थानीय लोगों और भाजपा पदाधिकारियों ने फूल-मालाएं, पटका पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।



अमरनाथ यात्रा पर रवाना होने से पहले जयकारे लगाते श्रद्धालु।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं भारत सरकार के रेलवे सलाहकार समिति सदस्य विनय कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट के नेतृत्व में यात्रा दल रवाना हुआ। जत्थे में राजीव महेश्वरी, सुभाष यादव, गिरीश गुप्ता, आकाश गुप्ता, आदित्य गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, अंकित गुप्ता, प्रिंस, मीना गुप्ता और आस्था वार्ष्णेय सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

श्रद्धालुओं का स्वागत भाजपा सभासद एवं जिला योजना समिति सदस्य नीना गुप्ता तथा भाजपा के पूर्व महामंत्री दिनेश कौशल और सुखदेव वार्ष्णेय एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने सभी यात्रियों को फूल-मालाएं व पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा मिष्ठान खिलाकर बाबा बर्फानी के जयकारों के बीच मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## हरियाली का दिया संदेश, तहसील परिसर में डीएम-एसपी ने किया पौधारोपण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश देते हुए सोमवार को तहसील सम्भल परिसर में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पौधारोपण किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया।



संभल तहसील परिसर में पौधारोपण करते डीएम व मौजूद एसपी व अन्य।

पौधारोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि जनपद को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

## स्ट्रीट लाइट ठीक करते करंट लगने से पोल से गिरा संविदा कर्मी

**बहजोई।** नगर में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करते समय नगर पालिका का संविदा कर्मचारी पोल से नीचे आ गिरा। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया।

सोमवार को नगर पालिका के वार्ड नंबर 16 के सभासद संजय रस्तोगी ने स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए संविदा लाइनमैन रूपकिशोर को बुलाया था। मरम्मत कार्य के दौरान बिजली का करंट प्रवाहित हो गया। जिससे कर्मचारी करंट की चपेट में आने से नीचे आ गिरा। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

प्रेसवार्ता

गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य ने प्रेसवार्ता में गिनाईं उपलब्धियां, सम्भल में 70 गो-आश्रय स्थलों में 16,657 गोवंश संरक्षित

## गोसेवा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, संरक्षण में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित योजनाओं के माध्यम से लाखों निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय, चारा, पेयजल और चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह जानकारी सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल और आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने दी।



प्रेसवार्ता करते गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 7,700 से अधिक गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। यह धनराशि गोपालकों और लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।

उन्होंने बताया कि गो-आश्रय स्थलों की पारदर्शी निगरानी के लिए प्रदेश की 5,446 गोशालाओं में 7,592 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी 24 घंटे निगरानी की जा रही है, जिससे गोवंश की सुरक्षा और देखभाल के साथ प्रशासनिक जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत अब तक प्रदेश में 1,67,065 गोवंश जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। इससे गोसंरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने जनपद सम्भल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में 70 गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16,657 गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। वहीं 2,802 गोपालकों ने सहभागिता योजना के अंतर्गत 5,070 गोवंश को अपनाकर जनसहभागिता का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955 के तहत गोवंश संरक्षण के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गो-आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। इसी सोच के साथ प्रदेश में गोसंरक्षण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 26 शिकायतें, 3 का मौके पर निस्तारण, दिए दिशा निर्देश

## समाधान दिवस जिलाधिकारी नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया आयोजित



शिकायतें सुनते जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को टीईटी परीक्षा होने के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी नितिन गौड़ व पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 26 शिकायतें दर्ज की गईं,जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी 23 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को देते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में आई शिकायतें राजस्व विभाग की 9, विकास विभाग की 4, पुलिस विभाग की 6, विद्युत विभाग की 5 तथा अन्य विभागों की 2 शिकायतें शामिल रहीं ।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, वन रेंजर नरेश कुमार, एसडीओ मिथिलेश कुमार, बीडीओ रोहतास कुमार, पूर्ति निरीक्षक मोहित चौधरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी और सैद नगली थानाध्यक्ष संजय प्रताप सहित सभी विभागों के अधिकारी, कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

## पुलिस की कार्य शैली से नाराज ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा जानकारी के अनुसार रहरा थाना क्षेत्र के गांव हिनौटा निवासी पीड़िता अंशु कुमारी और उसके भाई अनुज कुमार ने सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर रहरा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता अंशु के अनुसार, उसका विवाह वर्ष 2018 में जिला गौतमबुद्धनगर के एक युवक के साथ हुआ था। ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर भाई अनुज



पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

उसे कुछ महीने पहले अपने घर ले आया था। आरोप है कि रविवार की रात करीब 11 बजे पति सहित सहित तीन अन्य लोग शराब के नशे में लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने घरवालों से मारपीट की और भाई अनुज व मासूम पुत्र हनी का अपहरण करने का प्रयास किया ।शोर सुनकर ग्रामीणों ने चारों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता का आरोप है कि रहरा पुलिस ने बिना मेडिकल परीक्षण कराए। अपहरण जैसे गंभीर मामले के आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ितों ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों पर कठोर की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वालों में अंशु कुमारी, गजेंद्र बिधूड़ी ,अनुज कुमार, नागेंद्र कुमार, अरविंद कुमार ,गौरव कुमार, राजवीर भड़ाना, आशीष कुमार, जगपाल सिंह, गुड्डू ,राजीव , सतीश कुमार, रोहित, मुन्नू, कलुआ, किरन आदि मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में सौंपे अलग-अलग तीन ज्ञापन

हसनपुर । सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 'राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद' ने जनहित की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारियों ने नगर में गृहकर, मंदिर जीर्णोद्धार में भ्रष्टाचार और चरमराई विद्युत व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई ।पहले ज्ञापन में परिषद ने नगर पालिका द्वारा हाउस व वाटर टैक्स में की गई अप्रत्याशित वृद्धि की घोर निंदा करते हुए इसे तत्काल वापिस लेने की मांग की। दूसरे ज्ञापन में ऐतिहासिक झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु आवंटित 78 लाख रुपए की धनराशि में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई ।तीसरे ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा नए केबिल व ट्रांसफार्मर बदलने के बावजूद बिजली की भयंकर आंख-मिचौली जारी है, जिससे भीषण गर्मी में जनता त्रस्त है। साथ ही फर्जी बिलिंग कर उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया। इस दौरान कुलभूषण सक्सेना, टेकचंद सिंह, नीरज शर्मा, राधा अग्रवाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



मानवाधिकार परिषद ज्ञापन देने जाता हुआ।

## रामगंगा विहार में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- **किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की नई पहल**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांठ रोड स्थित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी स्टोर की ओर से रामगंगा विहार के जी-ब्लॉक में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में छायादार एवं पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में ज्वैलरी स्टोर की टीम के साथ स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना रहा।

अभियान की विशेष बात यह रही कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी तय की गई। कॉलोनी के निवासियों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखरेख के लिए एक माली की व्यवस्था करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी स्टोर के सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव मनोज कुमार और सेल्स एग्जीक्यूटिव प्रगति ठाकुर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलोनी निवासी प्रेम बाला, वाणी शैली, अंजू, निशि, स्वाति, अक्षय, प्रकृति, रमेश और दलवीर सिंह सहित अन्य लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।

## बारात चढ़त के दौरान बारातियों में मारपीट एक घायल

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बारात चढ़त होने के बाद बारातियों में जमकर मारपीट हो गई ।मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली से रविवार की देर शाम रामेश्वर के बेटे कोशिंदर की बारात कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला स्थित राकेश की बेटी की बारात आई थी। बारात चढ़त के सोमवार की सुबह 3 :30 बजे डांस को लेकर बारातियों में आपस में कहा सुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई की बारातियों में आपस में जमकर मारपीट हो गई मारपीट के दौरान गंगा चोली निवासी बाराती यशपाल पुत्र रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।

## पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी कराने के विरोध में राष्ट्र सेवी संगठन का प्रदर्शन, राजद्रोह के मुकदमे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले एक युवक का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है ।वीडियो देखने से स्पष्ट हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के प्रति अभद्र भाषा बोलते समय उसके पास कोई और भी मौजूद है जो बोलने के लिए उकसा रहा है ।इस घटना के विरोध में सोमवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं ने अतरासी अड्डे पर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में एकत्र हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक और उसके सहयोगियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



राष्ट्र सेवी संगठन प्रदर्शन करते हुए।

कृष्ण कुमार शर्मा ने मांग की कि माननीय प्रधान मंत्री के प्रति किए गए शर्मनाक कृत्य के लिए आरोपी युवक और वीडियो बनाने व बोलने के लिए उकसाने वालों व वायरल करने में उसका साथ देने वाले साथियों के खिलाफ तुरंत 'राजद्रोह' का मुकदमा दर्ज किया जाए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से राजू चौहान, मोनू चौहान, राजू सैनी, साबिर अली, त्रिलोक सिंह जाटव, पवन कश्यप, सागर भाटी, महेंद्र सिंह राणा, उमेश सैनी और मोहम्मद हसन सहित संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो की जांच और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## श्री झारखंड महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण में गबन का आरोप

**हसनपुर** । नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गबन का आरोप लगा है। इस संबंध में नगर के सनातन समाज के बैनर तले नागरिकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम विभाग द्वारा मंदिर के सौंदर्यीकरण लिए लगभग 78 लाख रुपए की धनराशि आवंटित की गई थी। निर्माण कार्यदायी संस्था और ठेकेदारों ने मिलीभगत कर बेहद निम्नस्तरीय व गुणवत्ताविहीन कार्य कराया है। मौके पर हुए कार्य की वास्तविक लागत 15 लाख से भी कम आंकी जा रही है। पंकज सहित अन्य व्यापारियों ने मांग की है कि जिला व मंडल स्तरीय अधिकारियों तथा इंजीनियरों की संयुक्त टीम



ज्ञापन देकर वापस लौटते व्यापारी।

गठित कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, दोषी ठेकेदार व अभियंताओं के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई कर सरकारी धन की वसूली की जाए। ज्ञापन देने वालों में मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, पंकज भटनागर, टेक चंद्र सिंह,नन्हे सिंह सैनी, विक्रांत शर्मा, राधा अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नीरज शर्मा, सुनील, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने दी संस्थापक श्रीराम उजागिर पांडे को श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** जिला चिकित्सालय की ओपीडी प्रांगण में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, जनपद शाखा मुरादाबाद द्वारा संगठन के संस्थापक एवं आजीवन महामंत्री स्वर्गीय श्रीराम उजागिर पांडे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों एवं प्रशिक्षु फार्मासिस्टों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके संगठनात्मक योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय श्रीराम उजागिर पांडे ने डिप्लोमा फार्मासिस्टों के अधिकारों और संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके संघर्ष, समर्पण और आदर्श आज भी संगठन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उपस्थित सदस्यों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार, जिला मंत्री हेमंत चौधरी, हीना रूमी, प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, कोषाध्यक्ष पंकज पांडेय, मुकेश जैन, अंकुर चौहान, पी.पी. चौहान, राजेश पाठक, जगत सिंह, मकसूद सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु फार्मासिस्ट एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लाडलाबाद में बीआरएसएस की जनसभा किसानों-मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । बीआरएसएस द्वारा सोमवार को मुरादाबाद के गांव लाडलाबाद में एक जनसभा का आयोजन किया गया। महाबीर सिंह की अध्यक्षता और उदयवीर सिंह के संचालन में हुई इस सभा में किसानों व मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से सुना गया ।सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर ने कहा कि बिजली विभाग के बढ़े बिलों, जर्जर तारों, केसीसी पर ब्याज दरों में सुधार और राजस्व विभाग द्वारा खसरा-खतौनी में नाम की त्रुटियों को दूर कराने के लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। जिलाध्यक्ष दीपक गुर्जर और सतपाल सिंह ने आवारा पशुओं द्वारा फसलों की बर्बादी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री से प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर गौशाला निर्माण की मांग की। इस मौके पर धीरज सिंह, पवन सिंह, रूप सिंह, राजीव त्यागी, मुन्ना सिंह, सतीश, अंकित बंसल, सुरेंद्र भाटी, गंगानंद महाराज सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

गोष्ठी | एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन की संगठनात्मक गोष्ठी

# कर्मचारियों के हितों और संगठन की मजबूती पर किया मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन की ओर से कांठ रोड स्थित मिगलानी सेलिब्रेशन में एक संगठनात्मक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक कर्मचारियों के हितों, संगठन की मजबूती, भर्ती प्रक्रिया, स्थानांतरण नीति तथा बैंक के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गोष्ठी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन, लखनऊ मंडल के महामंत्री डॉ. डी.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ डीजीएस (एचआर) आशुतोष शर्मा, सर्किल अध्यक्ष अमित, पूर्व डीजीएस संजय रस्तोगी, डीजीएस नामेंद्र सिंह तथा पूर्व डीजीएस जगदीश भी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का संचालन दिनकर राव और महमूद हुसैन कुरैशी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर (आरबीओ-6) हर्षवर्धन ने बैंक की कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कर्मचारियों से बेहतर ग्राहक सेवा और कार्यकुशलता के साथ बैंक की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. डी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों के अधिकारों की सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत संगठन और बेहतर प्रदर्शन से बैंक तथा कर्मचारियों दोनों का भविष्य सुरक्षित होगा।

उन्होंने बैंक में मैसेंजर और आर्म्ड गार्ड के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने, कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा सेवा शर्तों में सुधार के लिए संगठन के प्रयास जारी रखने की बात कही। साथ ही बैंक में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मार्केटिंग असिस्टेंट और डिजिटल स्टाफ जैसे नए पदों पर भर्ती की संभावनाओं तथा करियर विकास कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय रस्तोगी ने कर्मचारियों की स्थानांतरण एवं पदस्थापन नीति पर विचार रखते हुए कहा कि कर्मचारियों को उनके निवास स्थान के निकट तैनाती मिलने से कार्यक्षमता और सेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है।

दिनकर राव ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि संगठन उनके स्थानांतरण, पदस्थापन और अन्य सेवा संबंधी मामलों में हरसंभव सहयोग करेगा तथा किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गोष्ठी में धीरेन्द्र सिंह, अभिनव यादव, गिरीश अग्रवाल, महमूद हुसैन कुरैशी, रेखा रानी, नेहा जैन, शुभम, सोमेश, लोकेश, अंकिता रस्तोगी, रश्मि, आशुतोष कुमार, अतुल शर्मा, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, ममता मुल्तानी, साजिद शमीम, अभिषेक राणा सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जरूरतमंदों को फ्रूटी वितरित कर मनाया जन्मदिन

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के जिला प्रभारी रागिब खान ने जन्मदिन गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच फ्रूटी वितरित कर मनाया। रागिब खान ने कहा कि उन्हें अपनी खुशियां जरूरतमंद लोगों के साथ साझा करके सुकून मिलता है। जन्मदिन जैसे खास मौके पर जरूरतमंदों की मदद करना सबसे अच्छी बात है। इस दौरान उन्होंने कई गरीब और जरूरतमंद लोगों को फ्रूटी वितरित की। लोगों ने भी उनके इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की। कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा और इंसानियत का संदेश देते हैं। सभी से अपील की कि अपने जीवन के खुशी के अवसरों पर जरूरतमंद लोगों को भी याद रखें, ताकि उनकी खुशियों में भी शामिल हो सके।



केक काटकर जन्मदिन मनाते जिला प्रभारी।

### शिविर में लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत गागन स्थित नया गांव के कृष्णा पैलेस में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप एवं नेत्र परीक्षण किया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को ब्राइट स्टार हॉस्पिटल की ओर से विशेष हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। इन कार्डों के माध्यम से लाभार्थियों को 12 निशुल्क ओपीडी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में बजरंग दल के महानगर संयोजक राजीव ठाकुर ने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्य पहुंचाना और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल सैनी ने की। इस अवसर पर नरेश शर्मा, प्रमोद सैनी, राजीव सैनी, दीपक, प्रशांत, अमित, अशोक, अमन, तुलाराम, समीर, अतुल सहित बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे और शिविर के सफल संचालन में सहयोग किया। शिविर में पहुंचे लोगों ने आयोजकों और चिकित्सकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं।




### पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पति को बेरहमी से पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद

**हसनपुर** । आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करना एक पति को भारी पड़ गया। विरोध से नाराज दबंगों ने बीच सड़क पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर पति को लहुलूहान कर दिया। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भूबरा निवासी पीड़ित नेमचंद ने रविवार की देर रात अपनी पत्नी से हुई छेड़छाड़ का कड़ा विरोध किया था। इसी रंजिश में दबंगों ने बीच रास्ते में नेमचंद को घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल नेमचंद को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के गाव लुहारी खादर में रविवार की रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पहले पक्ष के सोनू पुत्र सतपाल का आरोप है कि गांव के मनमोहन, आर्य, योगपाल और झम्मन ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें उसकी बहनें अर्चना व सोनम लहूलुहान हो गईं। वहीं, दूसरे पक्ष के योगपाल पुत्र सोमपाल ने आरोप लगाया कि घर में गोद भराई कार्यक्रम के दौरान पड़ोसी सतपाल, बाबू, सोनू और मनोज ने आकर पुराने विवाद में फैसले का दबाव बनाया और मना करने पर मारपीट की, जिससे वह और उसका भाई मनमोहन घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजकर दोनों पक्षों के सतपाल, बाबू, सोनू,मनोज, वहीं दूसरे पक्ष के मनमोहन, जगपाल, आर्य, झम्मन सहित आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



मारपीट में घायल युवक ।

### बसेड़ा खुर्द में मध्य गंगा नहर पर पुलिया बनवाने की मांग, भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हसनपुर** । नगर की मंडी समिति में भाकियू की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह चौहान ने बसेड़ा खुर्द गांव में मध्य गंगा नहर पर पुलिया निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसान नेताओं ने कहा कि नहर निर्माण के कारण गांव का मुख्य रास्ता बन्द हो गया है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को अपने खेतों व अन्य स्थानों पर आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने मांग की है कि चकरोड के स्थान पर जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए। बैठक की अध्यक्षता शेर सिंह चौहान व संचालन अजब सिंह ने किया। इस दौरान मिश्रीलाल, डालचंद चौहान, टेकचंद, पवन कुमार, धर्मपाल, कमल सिंह, विशाल, अंकित और मनीष सैनी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते किसान नेता।

### ओरेकल आई हॉस्पिटल के ड्राई आई जांच शिविर का 25 मरीजों ने उठाया लाभ

**मुरादाबाद।** रोटरी क्लब मुरादाबाद मेडिको एवं ओरेकल आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में ओरेकल आई हॉस्पिटल, मुरादाबाद में नि:शुल्क ड्राई आई जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की आंखों की आधुनिक तकनीकों से जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान करीब 25 मरीजों की आंखों के सूखेपन (ड्राई आई) की आधुनिक मशीनों और तकनीकों के माध्यम से विस्तृत जांच की गई। सभी लाभार्थियों की जांच पूरी तरह नि:शुल्क की गई। साथ ही उन्हें ड्राई आई की समस्या, उसके कारण, बचाव के उपाय और उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब मुरादाबाद मेडिको के पदाधिकारियों ने ओरेकल आई हॉस्पिटल के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आमजन को समय रहते नेत्र रोगों की पहचान और उपचार के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्लब की ओर से डॉ. गिरजेश कैन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। उनके सहयोग, समर्पण और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया पर्यावरण बचाने का संदेश, लगाए गए पौधे

**बिसौली।** वन महोत्सव के तहत सोमवार को कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया और अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज सिंह ने कहा कि हरित क्रांति तभी संभव है जब आम जनता इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम के दौरान आम, अशोक व बोतल पाम सहित कई पौधे रोपे गए। आयोजन में जनप्रतिनिधियों और विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र प्रताप, ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह, प्रबंध समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह, प्रधानाचार्य कुंवरसेन, नवीन कुमार, पुष्पेंद्र गंगवार, जितेंद्र कुमार आदि रहे।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

## भाई ने लगाया पति समय ससुराल पर हत्या करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब हिमाचल प्रदेश के बद्दी से एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव लाया गया। मृतका के गले पर चोट और फांसी जैसे निशान देख मायके पक्ष आक्रोशित हो उठा और हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

मृतका के भाई लोकेश निवासी ग्राम गुमथल, थाना बनियाठेर (संभल) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन सीमा की शादी नवंबर 2025 में सिसरका निवासी अंकित के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मामला कई बार इतना बढ़ा कि दोनों



मामले की जांच पड़ताल करती फैजगंज पुलिस। –जागरण मोर्चा

पक्षों के बीच पंचायत भी कराई गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल सका। परिजनों के अनुसार, कुछ दिन पहले ही अंकित अपनी पत्नी को मजदूरी के लिए बद्दी (हिमाचल प्रदेश) ले गया था। सोमवार को अचानक ससुराल पक्ष के लोग सीमा का शव लेकर गांव पहुंचे। सूचना मिलने पर मायके पक्ष भी मौके पर पहुंच गया। गले पर संदिग्ध निशान देखकर उन्होंने हत्या की आशंका जताई और आरोपी पति पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों में भी चर्चा है कि पति का किसी अन्य महिला से बातचीत को लेकर अक्सर विवाद होता था। सूचना मिलते ही पीआरवी और



सीमा का फाइल फोटो।

थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर परिजनों को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# हाईटेंशन लाइन से टकराई डीजे ट्रॉली, करंट से युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के सादपुर गांव में रविवार रात एक बारात के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब डीजे की ऊंची ट्रॉली हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गई। ट्रॉली में करंट फैलने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग झुलस गए।



आपिल यादव का फाइल फोटो।

परिजनों ने बताया कि देर रात करीब 12 बजे बारात गांव में निकाली जा रही थी। इसी दौरान डीजे/रंगशाला की ट्रॉली ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गई। संपर्क होते ही ट्रॉली में करंट दौड़ गया और मौके पर भगदड़ मच गई। हादसे में आपिल यादव पुत्र धर्मपाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पास खड़े श्री ओम समेत अन्य 4-5 लोग करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बच गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। ग्रामीणों ने लकड़ी के सहारे घायलों को ट्रॉली से दूर किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बिजली के तार काफी नीचे लटके हुए थे, जबकि ट्रॉली की ऊंचाई अधिक थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है और बारात का माहौल मातम में बदल गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के उसैहत थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

उसैहत थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर बसंत निवासी 22 वर्षीय मुकेश पुत्र श्रीपाल अपनी बाइक से बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर दीननगर स्थित अपनी मौसी के घर जा रहा था। इसी दौरान उझानी थाना क्षेत्र के कादरचौक-उझानी रोड पर गांव फतेहपुर के पास तेज रफ्तार से मिट्टी लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। –जागरण मोर्चा

▶ पूर्व प्रधान की बताई जा रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली, चालक फरार

थी कि मुकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली गांव फतेहपुर के पूर्व प्रधान राज्यपाल पुत्र सिपट्टर की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ई-रिक्शा की चपेट में आकर डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के कछला क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। जनपद के गांव उपरैला निवासी एक परिवार गंगा स्नान के लिए कछला गया था। स्नान के बाद जब परिवार वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने डेढ़ वर्षीय मासूम सुशांत को टक्कर मार दी।

हादसे में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे के बाद माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया, जब मृतक बच्चे के परिजनों और ई-रिक्शा चालक के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई, जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कुत्ते के काटने के बाद मासूम की संदिग्ध मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव उघेती में कुत्ते के काटने के करीब एक महीने बाद 8 वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिजनों का दावा है कि बच्चे को एंटी-रेबीज वैक्सीन की सभी खुराकें समय से लगवाई गई थीं।

गांव उघेती निवासी मोहम्मद नाजिम के अनुसार, उनका बेटा मोहम्मद ताजीम 3 जून 2026 को घर के बाहर खेल रहा था, तभी एक आवारा कुत्ते ने उसे कई जगह काट लिया। अगले दिन 4 जून को परिजन उसे बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों द्वारा एंटी-रेबीज के टीके लगाए गए। परिजनों का कहना है कि निर्धारित समय के अनुसार सभी



रोते बिलखते परिजन। –जागरण मोर्चा

डोज पूरी कराई गई थीं। बताया जा रहा है कि करीब एक महीने बाद 3 जुलाई को ताजीम की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह गला पकड़कर जोर-जोर से चिल्लाने लगा और उसे हवा से डर लगने लगा। पहले परिजन उसे उघेती के एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए, लेकिन वहां से उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद बिसौली, चंदौसी और अलीगढ़ में इलाज कराया गया, मगर हालत में सुधार नहीं हुआ। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। परिजन 5 जुलाई को बच्चे को दिल्ली लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही ताजीम ने दम तोड़ दिया। बिसौली सीएचसी प्रभारी डॉ. अरविंद वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच के लिए मेडिकल टीम गांव भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है।



ओवरलोड वाहनों को सीज करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

# चार ओवरलोड वाहन किए सीज, 15 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगवाए रिफ्लेक्टर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोडिंग में 4 माल वाहनों का चालान कर परिवहन कार्यालय में सीज किया गया। वहीं नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए 4 चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर वाहन सीज किए गए। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर 48 वाहनों के चालान किए गए। 5 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप न लगा होने और 8 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर चालान काटे गए। अभियान के दौरान 15 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन / प्रवर्तन हरिओम, यात्री / मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी, उपनिरीक्षक यातायात ललित कुमार के साथ यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के सिपाही रहे।

# पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कन्या इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं स्टार प्रचारक आबिद रजा ने कन्या इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आबिद रजा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे न केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व की आधारशिला भी हैं। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने के लिए आज से ही ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। आबिद रजा ने बताया कि वह गांव-गांव जाकर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नीम, जामुन और बरगद जैसे छायादार एवं जीवनदायी वृक्ष लगाने का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वृक्ष केवल ऑक्सीजन और छाया ही नहीं देते, बल्कि सामाजिक समानता और भाईचारे का भी प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक युवा वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में हरियाली का नया इतिहास लिखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। पूर्व मंत्री ने लोगों से अपील की कि अपने घर, खेत, विद्यालय, सार्वजनिक स्थलों और खाली पड़ी भूमि पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित रखें। यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सच्ची सेवा होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को लेकर संकल्प लिया। आयोजन का समापन पर्यावरण बचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# समस्त परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को फलों का वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, संविलियन एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में सोमवार को बच्चों को फल वितरित किए गए। निर्धारित कार्यक्रम के तहत बच्चों को पंक्तिबद्ध कर सुव्यवस्थित ढंग से फलों का वितरण कराया गया।

इस दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को फलों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में फलों के नाम सिखाए गए, जिससे उनकी सामान्य जानकारी के साथ-साथ भाषाई ज्ञान में भी वृद्धि हो सके। शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को फल वितरण कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने, बच्चों को फलों के महत्व से अवगत कराने तथा उनके नाम कंठस्थ कराने के निर्देश दिए थे। विद्यालयों में शिक्षकों ने चित्रों एवं चार्ट के माध्यम से बच्चों को विभिन्न फलों की पहचान कराई और उनके नाम याद कराए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह योजना शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए उनके समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# वन महोत्सव के तहत बदायूं में वृक्षारोपण और जनजागरूकता कार्यक्रमों की धूम

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में 1 से 7 जुलाई 2026 तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के तहत रविवार को बदायूं के सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा विभिन्न तहसीलों में व्यापक वृक्षारोपण और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में छात्रों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और वन अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अमिता आलोक ने वनों के महत्व को रेखांकित किया। बिसौली के हर्रायपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिला पंचायत सदस्य महेंद्र प्रताप यादव ने ग्रामीणों के साथ पौधे रोपे। सहसवान के महेश बाल विद्या मंदिर में विधायक प्रतिनिधि नवनीत शाक्य ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं दातागंज के रायपुर धीरपुर में नुक्कड़ नाटक के जरिए जनचेतना जगाई गई। वन विभाग ने सभी से पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।




संपूर्ण समाधान दिवस | डीएम के एसएसपी ने दातागंज तहसील परिसर में सुनी लोगों की समस्याएं

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता व संतुष्टि पर दें विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील दातागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोपरि है और इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 52 शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र



दातागंज में लोगों की समस्याओं का निस्तारण करते डीएम व एसएसपी।



बिसौली में जन समस्याएं सुनते एसडीम शाख मुरी।

एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने बताया कि शासन स्तर से भी शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया जाता है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान चकरोड से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाइश कराने, आवास एवं छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। इस अवसर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा नवजात बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार 02, 03 एवं 04 जुलाई 2026 को आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) के चलते इस बार संपूर्ण समाधान दिवस प्रथम शनिवार के स्थान पर सोमवार को आयोजित किया गया। अन्य तहसीलों में भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार संबंधित अधिकारियों की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायतें, दो का मौके पर निस्तारण

**बिसौली।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साई आश्रित शाख मुरी ने 25 शिकायतें सुनीं, जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध और मौके पर जांच कर निष्पक्ष समाधान के निर्देश दिए गए।

# सम्पादकीय

## योगी के घर लंच, केशव के घर चाय और ब्रजेश के घर आम पार्टी के जरिये भाजपा ने दिया बड़ा संदेश

उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को केवल दावतें नहीं हुईं, बल्कि भाजपा ने लंच, मैंगो पार्टी और चाय पार्टी के जरिए 2027 की चुनावी एकजुटता का खुला संदेश दिया। देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ दृश्य केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होते बल्कि वे सीधे सत्ता और संगठन के भीतर के संदेश बन जाते हैं। वर्ष 2022 के चुनावों से ठीक पहले जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर पहुंचे थे, उसी राजनीतिक संकेत को भाजपा ने इस बार और ज्यादा व्यापक रूप में दोहराया। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस बार तस्वीर और भी ज्यादा मजबूत दिखाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और वरिष्ठ नेताओं का साथ में लंच, फिर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के यहां मैंगो पार्टी और उसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर चाय पार्टी ने साफ कर दिया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश में किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। योगी, केशव और ब्रजेश की साझा मौजूदगी ने केंद्रीय नेतृत्व को यह भरोसा दिला दिया कि 2027 का चुनाव भाजपा पूरी राजनीतिक एकजुटता, संगठनात्मक तालमेल और साझा रणनीति के साथ लड़ेगी। सत्ता, संगठन और सामाजिक समीकरणों को एक मंच पर लाकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया कि चुनावी बिगुल बज चुका है और पार्टी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है। देखा जाये तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय लखनऊ दौरे ने यह साफ कर दिया कि पार्टी ने 2027 के मिशन की औपचारिक शुरूआत कर दी है। संगठनात्मक बैठकों, रणनीतिक विमर्श और सहयोगी दलों के साथ लगातार संवाद के बीच रविवार का दिन राजनीतिक संदेशों से भरा रहा। दिन की शुरूआत भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा से हुई, जहां संगठन की पुरानी ताकत, पुराने अनुभव और आने वाले चुनाव की नई रणनीति पर गंभीर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि भाजपा इस बार चुनाव को केवल सत्ता बचाने की लड़ाई नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक अभियान के रूप में देख रही है। लेकिन असली राजनीतिक संदेश तब सामने आया जब औपचारिक बैठकों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपने अंदाज को पूरी तरह राजनीतिक प्रतीकों में बदल दिया। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पहुंचे, जहां आम पार्टी आयोजित की गई थी। राजनीतिक तपिश के बीच आम की मिठास ने माहौल को हल्का जरूर किया, लेकिन इसके भीतर छिपा संदेश बेहद गंभीर था। ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं का स्वागत किया और प्रदेश के प्रसिद्ध आम परोसे। माहौल में राजनीतिक तनाव की जगह सहज बातचीत, हंसी और आत्मीयता दिखाई दी। सबसे चर्चित क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथ में आम उठाया, उसे दांतों से छीलते हुए मुस्कुराए और फिर उसका स्वाद लिया। वहां मौजूद नेताओं के बीच ठहाके गूंज उठे। यह दृश्य केवल एक अनौपचारिक क्षण नहीं था, बल्कि भाजपा नेतृत्व की अंदरूनी सहजता और पारस्परिक विश्वास का सार्वजनिक प्रदर्शन भी था। आम पार्टी के बाद पूरा काफिला उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पहुंचा, जहां चाय पार्टी आयोजित की गई। यहां नितिन नवीन का पारंपरिक अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की गई। योगी आदित्यनाथ, बीएल संतोष, ब्रजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस मुलाकात को और अधिक राजनीतिक महत्व दे दिया। दरअसल, भाजपा अच्छी तरह जानती है कि उत्तर प्रदेश का चुनाव केवल विकास योजनाओं या चुनावी नारों से नहीं जीता जाता, बल्कि संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समीकरणों की मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि 2022 से पहले जिस तरह योगी आदित्यनाथ का केशव मौर्य के घर जाना चर्चा का केंद्र बना था, उसी तरह इस बार भी वही तस्वीर दोहराकर भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि पार्टी में कोई दूरी नहीं है, कोई खेमेबाजी नहीं है और पूरा नेतृत्व एक साथ खड़ा है। नितिन नवीन ने भी अपने पूरे दौरे के दौरान बार-बार यही संकेत दिया कि यह समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा के विस्तार का समय है। भाजपा की रणनीति साफ दिखाई दी। एक ओर संगठन को सक्रिय करना, दूसरी ओर राजग सहयोगियों को साथ लेकर चलना और तीसरी ओर नेतृत्व की एकजुट तस्वीर को जनता के सामने रखना। ताज होटल में आयोजित राजग सहयोगियों की बैठक में राष्ट्रीय लोक दल, निषाद पार्टी, सुभासपा और अपना दल के नेताओं ने जिस तरह 2027 में ऐतिहासिक जीत का दावा किया, उसने भाजपा की चुनावी तैयारियों को और स्पष्ट कर दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा 2027 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है, न कि गुंडाराज और परिवारवाद।

देखा जाये तो भाजपा की पूरी कवायद का सबसे बड़ा संदेश यही था कि उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव केवल सीटों का संघर्ष नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक मनोबल, संगठनात्मक शक्ति और नेतृत्व की एकजुटता की भी परीक्षा होगा। योगी आदित्यनाथ, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की एक साथ मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है और पार्टी अब हर स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं, सहयोगियों और समर्थकों को यह भरोसा दिलाना चाहती है कि सत्ता और संगठन दोनों पूरी तरह एक सुर में हैं। लखनऊ में रविवार को दिखाई दी यह राजनीतिक तस्वीर केवल चाय और आम पार्टी की तस्वीर नहीं थी, बल्कि 2027 की चुनावी पटकथा का पहला सार्वजनिक दृश्य थी।

# राष्ट्र प्रथम के अमर पुरोधा डॉ. मुखर्जी

*डॉ. मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में जम्मू-कश्मीर के प्रश्न पर भी उन्होंने राष्ट्रहित में संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें अपने मार्ग से नहीं डिगा सकी। नजरबंदी के दौरान ही उनका निधन हुआ।*



नरेंद्र मोदी

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)


आज, 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस, विद्वता और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनके व्यक्तित्व में जनसेवा, उच्च नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने विविध गुण एक साथ देखने को मिलते हैं।

डॉ. मुखर्जी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन सहज ही मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी अपने समय के महान शिक्षाविदों में गिने जाते थे। लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद उन्होंने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से संघर्ष हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की चुनौतियों के सामने मूकदर्शक नहीं रह सकते।

जीवन में उन्हें कई व्यक्तिगत आघात भी सहने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। किंतु इन दुखद परिस्थितियों ने उनके संकल्प को कमजोर नहीं किया। इसके विपरीत, राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण और अधिक दृढ़ होता गया।

डॉ. मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में जम्मू-कश्मीर के प्रश्न पर भी उन्होंने राष्ट्रहित में संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें अपने मार्ग से डिगा नहीं सकी। नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, किंतु उनका बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र की सामूहिक स्मृति का हिस्सा बन गया। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूर्ण विश्वास था। दशकों बाद, वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35(ए) का हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखा गया।

डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने और शिक्षा व्यवस्था में ऐसे परिवर्तन किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप थे। उनका मानना था कि शिक्षण संस्थान केवल बाबू या कम वेतन वाले कर्मचारी तैयार करने की फैक्ट्री नहीं हैं। वे चाहते थे कि विद्यार्थी नेतृत्व के लिए तैयार हों, स्वशासी संस्थाओं, विधायिकाओं तथा वित्त, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दें।



उनके नेतृत्व में कलकत्ता विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी सुविधाओं का विस्तार हुआ, विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहन मिला, ऐतिहासिक अध्ययन और कृषि शिक्षा को बढ़ावा मिला। उन्होंने खेलकूद, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्र कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों में विश्वविद्यालय के प्रति गौरव की भावना विकसित करने के लिए उन्होंने 24 जनवरी को स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की तथा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया। बाद के वर्षों में यही राष्ट्रभावना भारतीय जनसंघ की स्थापना में भी दिखाई दी। उस समय देश में कांग्रेस का व्यापक प्रभाव था, किंतु उन्होंने महसूस किया कि भारत को ऐसे राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है, जो विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा हो। शायद इसी भावना से पार्टी का चुनाव चिह्न 'दीपक' रखा गया। एक छोटा-सा दीपक भी अपने आसपास के गहन अंधकार को दूर करने की शक्ति रखता है। जनसंघ ने अपने सक्रिय काल में और उसके बाद भी इसी भावना को साकार किया।

भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वे उद्योग को केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास का आधार मानते थे। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और सुदृढ़ औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहलों के माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की नींव रखी। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि हथकरघा, कुटीर उद्योग, कारीगरों और कपड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों जैसे भारत के पारंपरिक सामर्थ्य की उपेक्षा न हो। यहां मैं अपना एक निजी अनुभव भी साझा करना चाहता हूं। आत्मनिर्भर भारत की भावना के साथ जिस सिंदरी संयंत्र की स्थापना के लिए डॉ. मुखर्जी ने अथक प्रयास किए थे, उसकी दशकों तक उपेक्षा होती रही। मुझे संतोष है कि हमारी सरकार को उसके पुनरुद्धार का अवसर मिला। उस कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे सार्वजनिक जीवन के सबसे विशेष और अविस्मरणीय क्षणों में से एक रहा।

भारत की प्राचीन परंपरा सदैव संवाद और विचार-विमर्श का सम्मान करती आई है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में इसलिए शामिल होना स्वीकार किया क्योंकि वे मानते थे कि स्वतंत्रता के शुरुआती वर्षों में राष्ट्र निर्माण का दायित्व राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर है। उन्होंने पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं, किंतु जब उन्हें लगा कि कुछ राष्ट्रीय प्रश्नों पर अलग मार्ग अपनाना आवश्यक है, तो उन्होंने पूरी गरिमा के साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया और अपने राजनीतिक आदर्शों के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। पचहत्तर वर्ष पहले जब पहला संविधान संशोधन लाया गया, तब डॉ. मुखर्जी उसके सबसे मुखर आलोचकों में थे। उनका मानना था कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है। समय के साथ उनकी आशंकाएं सही सिद्ध हुईं। बाद के वर्षों में देश ने आपातकाल और 42वें संविधान संशोधन जैसे घटनाक्रम भी देखे, जिन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को गंभीर चुनौती दी।

डॉ. मुखर्जी अपनी मानवीय संवेदनाओं और सेवाभाव के लिए भी विशेष रूप से स्मरण किए जाते हैं। वर्ष 1943 में बंगाल के भीषण अकाल के दौरान उन्होंने स्वयं को पीड़ितों की सेवा में समर्पित कर दिया। लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए अनेक कैंटीन और राहत केंद्र स्थापित किए गए। ब्रिटिश शासन की असंवेदनशीलता से वे अत्यंत व्यथित थे और उन्होंने अपनी पीड़ा को 'पंचाशेर मन्वंतर' नामक पुस्तक में भी व्यक्त किया। 1942 में मेदिनीपुर में आए विनाशकारी चक्रवात के समय भी उन्होंने राहत कार्यों का नेतृत्व किया। कोलकाता के एक कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा था - 'आप जो भी कार्य करें, उसे पूरी गंभीरता, लगन और ईमानदारी से करें। किसी भी काम को कभी अधूरा न छोड़ें। तब तक स्वयं को संतुष्ट न मानें, जब तक आपने उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान न दे दिया हो।' आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है, तब उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन उस भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करें, जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी - एक ऐसा भारत जो सशक्त हो, एकजुट हो, आत्मविश्वास से भरपूर हो और संवेदनशील भी। मुझे पूरा विश्वास है कि देश के युवा इस संकल्प को साकार करने में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समर्पण के साथ अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# वोट लूट के लिए फिर से डिब्बों और कागज पर चुनाव की मांग

भारत में चुनाव केवल सरकार बदलने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा हैं। आज जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र लगभग 98 करोड़ मतदाताओं के साथ चुनाव कराता है, तब मतदान प्रणाली पर उठने वाला हर प्रश्न राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाता है। कई विपक्षी दलों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर मांग की है कि देश में चुनाव फिर से बैलेट पेपर से कराए जाएँ अथवा कम-से-कम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता की स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए। उनका कहना है कि लोकतंत्र में केवल निष्पक्ष चुनाव होना पर्याप्त नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास भी पूरी तरह बना रहना चाहिए।



आलोक मेहता

(लेखक पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)

दिलचस्प तथ्य यह है कि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी चुनाव आयोग के साथ बैठक में मतपत्र प्रणाली की वापसी की मांग उठा चुके थे। इसके बाद इन्हीं दलों ने कई राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतकर सरकारें भी बनाईं। भाजपा का तर्क है कि कागजी मतदान पर लौटने का अर्थ बूथ कैप्चरिंग और मतपेटी लूट जैसी पुरानी समस्याओं की वापसी होगा। सरकार लगातार कहती रही है कि ईवीएम ने चुनाव प्रक्रिया को अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया है।

निर्वाचन आयोग का स्पष्ट मत है कि भारतीय ईवीएम विश्व की सबसे सुरक्षित मतदान प्रणालियों में से एक है। आयोग के अनुसार मशीनें इंटरनेट, वाई-फाई, ब्लूटूथ या किसी अन्य नेटवर्क से जुड़ी नहीं होतीं, इसलिए उन्हें दूर से हैक नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय भी कई महत्वपूर्ण मामलों में ईवीएम प्रणाली को संवैधानिक रूप से स्वीकार कर चुका है और पूर्ण रूप से बैलेट पेपर पर लौटने की मांग को अस्वीकार कर चुका है। इसलिए यह विवाद केवल तकनीक का नहीं, बल्कि चुनावी इतिहास, मतदाता के विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का भी प्रश्न है।

एक समय भारत के अनेक राज्यों में चुनाव का अर्थ केवल मतदान नहीं, बल्कि हिंसा, बूथ कब्ज़ा और मतपेटियों की लूट भी था। 1960 के दशक के उत्तरार्ध से लेकर 1990 के दशक तक विशेष रूप से बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और अन्य राज्यों में बूथ कैप्चरिंग चुनावी प्रक्रिया की सबसे बड़ी समस्या बन गई थी। हथियारबंद लोग मतदान केंद्रों पर कब्ज़ा कर लेते थे, मतदान अधिकारियों को बंधक बना लेते थे, मतदाताओं को भगा देते थे और फिर बैलेट पेपरों पर एक ही उम्मीदवार के पक्ष में बड़ी संख्या में मुहर लगा देते थे। कई बार पूरी मतपेटी ही उठा ली जाती थी या बदल दी जाती थी। यह केवल राजनीतिक आरोप नहीं था। संसद, चुनाव आयोग, न्यायालयों, मीडिया और अनेक चुनाव अध्ययन रिपोर्टों में इस समस्या का उल्लेख मिलता है। चुनाव आयोग को अनेक क्षेत्रों में मतदान रद्द कर पुनर्मतदान कराना पड़ता था। 1970 और 1980 के दशक में बिहार में बूथ कैप्चरिंग चुनावी शब्दावली का सामान्य हिस्सा बन गई थी। 1991 के लोकसभा चुनाव आतंकवाद, राजनीतिक हिंसा और बूथ लूट के कारण अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहे। 1990 के दशक में हजारों संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करने पड़े। हम जैसे पत्रकारों ने बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हथियारों के बल पर मतपेटियाँ लूटे जाने की घटनाएँ स्वयं देखी हैं।

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने चुनाव सुधारों के दौरान बूथ कब्ज़े को लोकतंत्र का सबसे बड़ा खतरा बताया। उनके कार्यकाल में चुनावी अनुशासन, आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन, चुनावी खर्च पर निगरानी, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, संवेदनशील बूथों की पहचान, मतदान अधिकारियों की सुरक्षा और फर्जी मतदान रोकने के लिए पहचान व्यवस्था को मजबूत किया गया। उनका प्रसिद्ध कथन था– 'चुनाव आयोग संविधान से शक्ति प्राप्त करता है, सरकार से नहीं।' इन सुधारों ने चुनावी हिंसा पर काफी हद तक नियंत्रण स्थापित किया, लेकिन जब तक मतदान कागज़ पर होता रहा, तब तक मतपेटियों और बैलेट पेपरों पर कब्ज़े की आशंका बनी रही। यहीं से तकनीकी समाधान पर गंभीर विचार प्रारंभ हुआ।

1982 में केरल के परूर विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया। बाद में कानूनी संशोधनों के बाद 1998 में राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में सीमित स्तर पर इसका उपयोग हुआ। प्रयोग सफल रहने के बाद चुनाव आयोग ने इसका विस्तार किया और 2004 का लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर बन गया, जब पूरे देश में पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम से मतदान कराया गया। यह विश्व का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक चुनाव था।

उल्लेखनीय है कि इसी चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई और लगातार दस वर्ष तक केंद्र में रही। बाद के वर्षों में भी कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल विभिन्न राज्यों में चुनाव जीतकर सरकारें बनाते रहे। आज भी अनेक राज्यों में गैर-भाजपा सरकारें हैं। इसके बावजूद हरियाणा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चुनावी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव आयोग तथा ईवीएम पर प्रश्न उठाने लगे। कहावत है– 'नाच न जाने, आँगन टेढ़ा।' जनता यदि किसी दल को नकार दे तो उसका कारण अपनी राजनीतिक कमजोरियाँ भी हो सकती हैं, केवल चुनाव प्रणाली नहीं।

अधिकांश चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि ईवीएम ने बैलेट पेपर के दौर वाली व्यापक मतपेटी लूट, हजारों मतपत्रों पर एक साथ मुहर लगाने और बूथ कब्ज़े के प्रभाव को काफी हद तक सीमित किया है। यदि कोई समूह कुछ समय के लिए बूथ पर कब्ज़ा भी कर ले, तो ईवीएम की मतदान गति और नियंत्रण प्रणाली के कारण वह बैलेट पेपर की तरह बड़ी संख्या में तुरंत वोट दर्ज नहीं करा सकता। 2017 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनौती दी थी कि यदि कोई निर्धारित शर्तों के भीतर अधिकृत भारतीय ईवीएम में छेड़छाड़ सिद्ध कर दे तो आयोग उस पर विचार करेगा। आयोग का कहना है कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कोई भी दल ऐसा सिद्ध नहीं कर सका। यदि भारत आज फिर पूरी तरह बैलेट पेपर पर लौटता है, तो करोड़ों मतपत्र छापने, लाखों मतपेटियाँ तैयार करने, उनके परिवहन, सुरक्षा और लंबी मतगणना की विशाल व्यवस्था करनी होगी। दूसरी ओर यदि ईवीएम प्रणाली जारी रहती है, तो चुनाव आयोग पर यह दायित्व रहेगा कि वह पारदर्शिता, सार्वजनिक संवाद और तकनीकी परीक्षणों के माध्यम से जनता का विश्वास लगातार मजबूत करे। लोकतंत्र का मूल उद्देश्य किसी एक तकनीक का समर्थन या विरोध नहीं, बल्कि मतदाता के विश्वास की रक्षा करना है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति बैलेट पेपर या ईवीएम नहीं, बल्कि मतदाता का विश्वास है। यदि संस्थाएँ पारदर्शी, उत्तरदायी और निष्पक्ष रहें तो तकनीक लोकतंत्र की सहायक बनती है; यदि विश्वास कमजोर पड़ जाए तो कोई भी तकनीक विवादों से मुक्त नहीं रह सकती। इसलिए भारत की सबसे बड़ी चुनौती केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास दिलाना है कि उसका मत सुरक्षित, गुप्त और निर्णायक है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# महाराष्ट्र विधानसभा में शरिया कानून और बहुविवाह की वकालत करने वाली सना मलिक से कुछ सवाल

अगर भारत में रहकर किसी को पाकिस्तान का कानून, शरिया आधारित व्यवस्था या कुरान के नाम पर चलने वाला शासन इतना ही पसंद है, तो सबसे पहले उसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था का लाभ उठाना बंद कर देना चाहिए और उसी देश में जाकर बस जाना चाहिए जिसकी व्यवस्था की वह इतनी खुलकर वकालत कर रहा है। भारतीय संविधान की शपथ लेकर चुनाव जीतना, विधायक बनकर लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचना और फिर उसी सदन में खड़े होकर पाकिस्तान जैसे देश के कानून की तारीफ करना केवल गैर जिम्मेदाराना नहीं, बल्कि देश की संवैधानिक आत्मा का अपमान है। शर्मनाक बात यह है कि यह बयान किसी कट्टरपंथी संगठन के मंच से नहीं, बल्कि महाराष्ट्र विधानसभा के भीतर भाजपा की सहयोगी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विधायक सना मलिक ने दिया। भारतखबर

हम आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में समान नागरिक संहिता, तीन तलाक और मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा अचानक उस समय भड़क उठी जब सना मलिक ने खुलेआम कहा कि भारत में भी पाकिस्तान की तरह इस्लामिक कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने कुरान और मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए बहुविवाह और तीन तलाक का समर्थन किया। यह बयान उस समय आया जब सदन में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों और उनके साथ हो रहे अत्याचारों पर गंभीर चर्चा चल रही थी।

पूरा मामला भाजपा विधायक देवयानी फरांदे द्वारा नियम 105 के तहत प्रस्तुत ध्यानाकर्षण नोटिस से शुरू हुआ। उन्होंने सदन में कहा कि केंद्र सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाया, लेकिन महाराष्ट्र में उसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम महिलाओं को आज भी बहुविवाह, घरेलू हिंसा और तलाक जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। देवयानी फरांदे ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने में तीन मुस्लिम महिलाएं सहायता के लिए उनके पास पहुंचीं। किसी महिला को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई, तो किसी के पति ने उस पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर समान नागरिक संहिता कब लागू होगी और इसके लिए क्या विशेष कार्यबल बनाया जाएगा?

लेकिन मुस्लिम महिलाओं के दर्द और उनके अधिकारों की चर्चा के बीच सना मलिक ने जिस तरह पाकिस्तान और इस्लामिक कानून का समर्थन किया, उसने पूरे सदन का माहौल गरमा दिया। सना मलिक ने कहा कि पाकिस्तान ने कोई नया कानून नहीं बनाया, बल्कि कुरान में जो व्यवस्था दी गई है, उसका पालन किया है और भारत को भी पाकिस्तान की तरह कुरान के नियमों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बहुविवाह केवल मुस्लिम समाज में नहीं, बल्कि हर धर्म में होता है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह तक कह दिया कि मुसलमानों में बहुविवाह का तरीका सिखाया गया है और उसका पालन होना चाहिए, इसके लिए कानून बनाया जाना चाहिए।

देखा जाये तो यह बयान केवल राजनीतिक विवाद नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को उजागर करता है जो भारत के संविधान से ऊपर मजहबी कानून को रखने की कोशिश करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर एक महिला विधायक होकर भी सना मलिक को उन हजारों, लाखों मुस्लिम महिलाओं का दर्द क्यों नहीं दिखाई देता जो बहुविवाह और तीन तलाक जैसी प्रथाओं की वजह से वर्षों तक प्रताड़ना झेलती रही हैं। देश में कई ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं जहां कई पत्नियां रखने वाले पुरुषों पर महिलाओं के शोषण, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगे। इसके बावजूद बहुविवाह को जायज ठहराना आखिर किस मानसिकता का परिचायक है? राजनीति

उधर, सना मलिक के बयान पर प्रतिक्रियाएं भी आने लगी हैं। भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने सना मलिक के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि चर्चा का विषय तीन तलाक कानून का क्रियान्वयन है, पाकिस्तान या मजहबी परंपराएं नहीं। उन्होंने साफ कहा कि यह देश संविधान से चलता है, कुरान से नहीं। यहां पाकिस्तान और धार्मिक कानूनों की वकालत करने की कोई आवश्यकता नहीं है। भाजपा और शिवसेना के विधायकों ने भी सना मलिक के बयान का जोरदार विरोध किया।

महाराष्ट्र सरकार की ओर से गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि महायुति सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक का मसौदा तैयार करने के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति बनाई जाएगी। उन्होंने उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लागू समान नागरिक संहिता कानून में बहुविवाह पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है और उल्लंघन करने वालों के लिए सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि सना मलिक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक की बेटी हैं। नवाब मलिक का नाम पहले भी गंभीर विवादों में आ चुका है। वर्ष 2022 में प्रवर्तन निदेशालय को उनके अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम गिरोह से संबंधों के सबूत मिलने का दावा किया गया था। बहरहाल, अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या महाराष्ट्र की राजनीति में बैठे बाकी दल केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण इस बयान पर चुप हैं? क्या संविधान की शपथ लेने वाले जनप्रतिनिधियों को खुलेआम पाकिस्तान और इस्लामिक कानून की पैरवी करने की छूट मिलनी चाहिए? यह केवल राजनीतिक बहस नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक पहचान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ सवाल है।

**-नीरज कुमार दुबे**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

### एक नजर

**सीएम योगी की खेल पाती: यूपी बनेगा नंबर-1**

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के नाम पाती लिखी है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश की बदलती खेल संस्कृति और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को साझा किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में लिखा है कि मैदान की मिट्टी जीत-हार नहीं, बल्कि उठना सिखाती है। उत्तर प्रदेश अब विकास के साथ-साथ खेलों में भी नंबर-1 बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभा और मेहनत से देश-विदेश में यूपी का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि चैंपियन एक दिन में नहीं बनते और खेल संस्कृति भी रातों-रात नहीं विकसित होती। खेल अनुशासन, समर्पण, सकारात्मक सोच और टीम भावना का सबसे बड़ा माध्यम है। यह खेल भावना जीवन में सफलता और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का आधार बनेगी। सीएम ने अपील की है कि बच्चों की खेल प्रतिभा को कभी न रोकें, क्योंकि खेल नशे जैसी बुराइयों से बचाने की सबसे बड़ी ताकत है।

# उत्तर प्रदेश में 3 नए निजी विवि स्वीकृत, कैबिनेट की मंजूरी



लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश में उच्च शिक्षा का दायरा और बढ़ने जा रहा है। सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में कानपुर, गाजियाबाद, फतेहपुर में निजी क्षेत्र के तीन नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति दे दी गई। इसके साथ ही प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़कर 56 हो जाएगी। इससे युवाओं को प्रदेश में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, शोध और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों के अधिक अवसर मिलेंगे।

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार मूल्यांकन के बाद तीन संस्थाओं को आशय पत्र (लेटर आफ परमिशन-एलओपी) जारी करने और संचालन प्राधिकार-पत्र देने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इसमें स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली कानपुर नगर में 51.739 एकड़ भूमि पर कृषि आधारित निजी विश्वविद्यालय स्थापित करेगा। इसका उद्देश्य कृषि शिक्षा, अनुसंधान और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देना है। इसी तरह इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी, गाजियाबाद को 26.2656 एकड़ भूमि पर निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने की अनुमति दी गई है। यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के साथ विभिन्न व्यावसायिक और रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित करेगा। वहीं, एंग्लो संस्कृत कालेज, फतेहपुर को 20.45 एकड़ भूमि पर निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति मिली है। इससे फतेहपुर और आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में आठ नए सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। अब तीन नए निजी विश्वविद्यालयों को स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या 56 हो जाएगी। इससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, शोध को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश के युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## जलालाबाद का नाम अब परशुराम पुरी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक में कुल 29 प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें से 27 को हरी झंडी दे दी गई।

इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण फैसला शाहजहांपुर के ऐतिहासिक कस्बे जलालाबाद का नाम बदलने का रहा। कैबिनेट ने जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुराम पुरी' करने के प्रस्ताव को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के तहत आने वाले इस कस्बे का नाम बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सरकार के इस बड़े फैसले से स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। इसके अलावा कैबिनेट ने प्रदेश के विकास, बुनियादी ढांचे और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अन्य 26 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है।



## उत्तर प्रदेश के 57 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरी ओडिशा के तट के पास उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसूनी सक्रियता में कमी आई है। ऐसे में सामान्य से अधिक आर्द्रता होगी।

प्रदेश के पूर्वी व मध्यवर्ती जिलों में उमस भरी गर्मी का दौर जारी रहेगा। इस बीच सोमवार को प्रदेश के 57 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) की आशंका है। मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में अन्य कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण दो दिनों तक मानसूनी गतिविधियां पश्चिमी व दक्षिणी जिलों तक सीमित रहेंगी। इसके दो दिनों बाद प्रादेशिक मानसूनी सक्रियता बढ़ेगी।

मौसम विज्ञानी अतुल कुमार ने बताया कि बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर में ब्रजपात हो सकता है।

# योगी ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन



खनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार छह जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उनको नमन किया। लखनऊ में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल अस्पताल) प्रांगण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के विकास को लेकर जो सपने देखे थे, उनको साकार करने का काम डबल इंजन की सरकार कर रही है। भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी से जुड़े सभी स्थलों का पुनरुद्धार करवा रही है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको श्रद्धांजलि दी और कहा कि बंगाल को पाकिस्तान के खूनी पंजे से बचाने में डॉ. श्यामा प्रसाद की अहम भूमिका थी।

आज वही बंगाल डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपना आदर्श मानने वाली भारतीय जनता पार्टी के शासन का हिस्सा बना हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वतंत्र भारत में देश के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद ने देश के के अंदर खाद्य नीति व उद्योग नीति को प्रमुखता से लागू करने का काम किया। जब नेहरु सरकार की तुष्टीकरण नीति, देश की अखंडता के सामने चुनौती बनी, तो मुखर्जी ने सत्ता की राजनीति को तिलांजलि देते हुए सरकार से अलग हो गए।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 के खिलाफ, नेहरू सरकार की तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जो शंखनाद किया था, उस सपने को साकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का उद्घोष देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जल शक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक डा. नीरज बोरा, एमएलएसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मौजूद रहे।

# चिराग का यूपी मिशन 2027: सभी 403 सीटों पर दावा



लखनऊ (एजेंसी)। पिता रामविलास पासवान के उत्तर प्रदेश से अटूट रिश्ते को याद कर उनके पुत्र व लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मिशन 2027 के रणक्षेत्र में उतरने के संकेत दे दिए। पहली बार लखनऊ में लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान की 80वीं जयंती के अवसर पर नव संकल्प सभा आयोजित कर प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने यूपी विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया।

चिराग ने सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी का दावा ठोंककर प्रेशर पालीटिक्स को हवा दे दी। भविष्य में उनकी पार्टी एनडीए के गठबंधन में यूपी में भी भाग्य आजमा सकती है। चिराग की मौजूदगी में उनके प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द पासवान ने पंडित, पासी और पासवान के नारे के बीच सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले का तानाबाना बुन डाला। चिराग ने 27 मिनट के भाषण में सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि संविधान और आरक्षण खत्म करने का भ्रम फैलाकर ये पार्टियां दलित वर्ग को भ्रमित करती हैं। इस वर्ग में बंटवारा करके सपा और कांग्रेस ने लोकसभा का चुनाव लड़ा था। जाति और संप्रदाय को लेकर लड़वाकर यह रोटियां सेकते हैं। सपा और कांग्रेस ने हमारे समाज के साथ विश्वासघात किया है। ऐसे लोगों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने का समय है। संविधान की पुस्तक लेकर संसद में लहराने वालों ने हमेशा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। डॉ. आंबेडकर की एक तस्वीर तक संसद में साढ़े तीन दशक तक नहीं लगाई गई, जबकि एक ही परिवार के तीन-तीन नेताओं की तस्वीर सेंट्रल हाल में जरूर लगी। सन 1989 में रामविलास पासवान ने सेंट्रल हाल में उनका चित्र लगवाया। ऊंची जातियों को भी आरक्षण की सबसे पहले मांग रामविलास पासवान ने की थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं जो लोग बार-बार आरक्षण और संविधान को समाप्त करने की बात करते हैं, चिराग पासवान के होते हुए उनको कोई खतरा नहीं। खतरा उनके मंसूबों, उनकी उस राजनीति को है, जो भाई को भाई से लड़वाती है। हम न अपनी विरासत और न ही बच्चों के भविष्य को कोई आंच आने देंगे। सभी को बेहतर शिक्षा और बेहतर रोजगार मिले, उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर जमुई सांसद व प्रदेश प्रभारी अरुण भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव लोकेश श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमौर के पडरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में चेकअप कराते बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग।

खटीमा। जमौर क्षेत्र के पडरिया गांव में सोमवार को उप चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया।

डॉ. वी.पी. सिंह के निर्देश पर आयोजित शिविर में डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा एवं मुक्कू पांडेय के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जंगल से सटे इस दूरस्थ गुर्जर बाहुल गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीण अक्सर झोलाछाप चिकित्सकों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में यह शिविर ग्रामीणों के लिए काफी राहत भरा साबित हुआ। शिविर में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। सर्दी, खांसी, बुखार, एलर्जी, पेट दर्द, हाथ-पैरों में सूजन, आंख और कान संबंधी समस्याओं का इलाज किया गया।

महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, जैसे अनियमित मासिक धर्म और श्वेत प्रदर (सफेद पानी) का भी उपचार कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को मौसम के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने और किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी। इस दौरान आशा कार्यकर्ता सुनीता, रफीक, रईस, सुलेमान, शफी, कमलदीप, फरजाना, नसरीन, सलमा खातून, जुबैदा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# 6.5 करोड़ की गौशाला के लिए सीएम धामी का आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शीघ्र लोकार्पण से किसानों व आम जनता को खतरे से मिलेगी निजात**

खटीमा। तराई किसान सुधार समिति के महासचिव एवं वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसानों एवं जनता की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए साढ़े छः करोड़ की लागत से ग्राम हल्दी में भव्य आधुनिक गौशाला का निर्माण किया है।

सीएम धामी के इस प्रयास से सड़क दुर्घटनाओं से अकाल मौत का वरण करने वाले आम लोगों एवं किसानों की फसल बर्बाद होने से बच सकेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए तराई किसान सुधार समिति एवं वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी ने कहा कि 45 बीघा भूमि में बनी गौशाला का शीघ्र ही लोकार्पण होगा। ताकि क्षेत्र में आवारा पशुओं से लोगों को निजात मिल सकेगी। उन्होंने सीएम धामी से गौशाला में आवारा पशुओं को रखने में बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अजय मौर्य सहित अन्य गणमान्य जन थे। सीएम धामी का आभार जताने वालों में किसान नेता प्रकाश चंद, जगदीश चंद, किशन सिंह भंडारी, गणेश ठकुराठी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, दया किशन, बहादुर रावत, उमेश सिंह रौतेला, मोहन सामंत आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त गोविंद सिंह का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



असम राइफल के सूबेदार गोविंद सिंह कठायत का फूल माला पहनाकर स्वागत।

**40 साल असम राइफल्स में देश सेवा कर लौटे सूबेदार गोविंद सिंह का भव्य स्वागत**

खटीमा। 40 साल असम राइफल में तैनात चारुबेटा कॉलोनी निवासी सूबेदार गोविंद सिंह कठायत 4 जुलाई शनिवार को अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर उनके परिजनों एवं ग्रामीणों व क्षेत्र वासियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

बिलेश्वर मंदिर परिसर से आवास तक बाजे गाजे के साथ स्वागत यात्रा निकाली गई। सेवानिवृत्त सू गोविंद सिंह कठायत मूल रूप से मजगांव पिथौरागढ़ निवासी स्व तेज सिंह कठायत के पुत्र एवं 1986 में भर्ती हुए थे। ड्यूटी के दौरान कड़ी मेहनत, लगनशीलता से देश सेवा कर 30 जून 2026 को सम्मान पत्र लेकर सेवानिवृत हुए। इनके छोटे भाई भगवान सिंह कठायत व किशन सिंह कठायत भी भारतीय सेवा में कार्यरत हैं। इनका परिवार 2011 में खटीमा के ग्राम चारूबेटा कॉलोनी में आकर बसा था। सेवानिवृत्ति के बाद घर पहुंचे सू कठायत का उनकी पत्नी गोविंदी कठायत, पुत्र राम सिंह, पुत्रवधू ममता, भगवान सिंह कठायत, किशन सिंह कठायत, जानकी देवी, दीपा देवी, भूपाल बिष्ट, नारायण अधिकारी, जंग बहादुर थापा, पीतांबर पांडे, इंकेश नाथ गोस्वामी, खड़क सिंह भंडारी आदि सम्मिलित थे। इस दौरान घर में खुशी का माहौल एवं बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।

स्वागत | **खटीमा से किच्छा तक रेल लाइन बिछाने की मांग**

# रेल राज्य मंत्री रणवीर जीत सिंह का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रणवीर जीत सिंह के खटीमा आगमन पर स्वागत।

खटीमा। रेलवे स्टेशन खटीमा पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रणवीर जीत सिंह के पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं समस्त जनता ने उनका स्वागत किया और पंजाबी महासभा के द्वारा टनकपुर से अमृतसर ट्रेन चलाई जाने की मांग रखी।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने आम जनता को रेल सेवा के लाभ के लिये खटीमा से किच्छा रेल लाइन को जोड़ने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के नेता अनमोल अग्रवाल ने प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की मांग की। ओबीसी मोर्चे के जिला मंत्री सचिन रस्तोगी के द्वारा स्वास्तिक अस्पताल के सामने रेलवे द्वारा रोकी गई सड़क के निर्माण की मांग की उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण में होने से आम जनता को बड़ी आवश्यकताओं का सामना करना पड़ रहा है। सतीश गोयल के द्वारा व्यापारियों के लिए बरेली से टनकपुर तक रात्रि में ट्रेन चलाने की मांग की। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री मोहनी पोखरिया एवं रंजीत सिंह नामधारी ने खटीमा को किच्छा से रुद्रपुर एवं लाल कुआं से जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर तहसील के प्रशासनिक अधिकारी विनोद भारती, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, अनिल बत्रा, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, जतिन ग्रोवर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीता सक्सेना, नीलू गुप्ता, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शशांक वर्मा, अमित जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, बलदेव सिंह बिल्ला, रोहित गुप्ता, अनीता जयाला, बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# यूकेडी ने किया जिला कार्यकारिणी का विस्तार, शुभम सागर बने जिला महामंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



फूल माला पहनाकर बधाई देते।

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के जिला कार्यालय खटीमा में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान शुभम सागर को जिला महामंत्री एवं चंचल सिंह खनका को नगर अध्यक्ष (खटीमा) पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं पुष्पा देवी ने उत्तराखंड क्रांति दल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों का दल का गमछा पहनाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों की जानकारी देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय संगठन मंत्री कैलाश भट्ट, गोरखा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र गुरुंग, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी, कार्यालय प्रभारी दुर्गा सिंह सामंत, युवा नेता रोहित भट्ट, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धन बहादुर चंद, जिला कोषाध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी सहित दल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मीरा यूथ फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम

खटीमा। मीरा यूथ फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। फाउंडेशन की संस्थापक संयोजक मीरा कापड़ी ने महिलाओं से इस मुहिम से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की है। अभियान के तहत संगठन की प्रत्येक सदस्य महिला को मैनीक्योर, पेडीक्योर, नॉर्मल वैक्स, टीका वैक्स और प्रीमियम फेशियल जैसी ब्यूटी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हेयर डिजाइन, हेयर स्टाइलिंग और थ्रेडिंग का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मीरा कापड़ी ने क्षेत्र की महिलाओं से इस कल्याणकारी प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।





### एक नजर

## पुलिस मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 23 जुलाई तक मांगे गए साक्ष्य व बयान

**बिलसंडा।** 27 जून की रात पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ सर्वजीत सिंह की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर नगर मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है। पुलिस के अनुसार संदिग्धों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में शिवम उर्फ सर्वजीत सिंह घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया था। प्रशासन ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए आमजन से भी सहयोग मांगा है। घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले व्यक्ति 9 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच कलेक्ट्रेट स्थित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य एवं बयान दर्ज करा सकते हैं।

# सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल से पीलीभीत को बड़ी रेल सौगात

## टनकपुर-पीलीभीत-नांदेड़ एक्सप्रेस का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल पर रविवार को बड़ी रेल सौगात मिली। उत्तराखंड और पीलीभीत के रेल यात्रियों के लिए बहुप्रतीक्षित टनकपुर-पीलीभीत-नांदेड़ (महाराष्ट्र) एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। साथ ही टनकपुर-पीलीभीत रेल सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार भी शुरू कर दिया गया, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।





टनकपुर-पीलीभीत-नांदेड़ एक्सप्रेस का शुभारंभ करते जितिन प्रसाद व मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद तथा केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को रवाना किया। पीलीभीत जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने रेलवे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि नई रेल सेवाओं से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा यात्रियों को बेहतर और सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। टनकपुर-पीलीभीत-नांदेड़ एक्सप्रेस के संचालन से विशेष रूप से सिख समुदाय में उत्साह का माहौल है। अब श्रद्धालुओं को महाराष्ट्र स्थित सिख धर्म के प्रमुख तीर्थ हुजूर साहिब, नांदेड़ तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे सिख समाज के लोगों ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान भी किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पीलीभीत से अमृतसर तक सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों, विशेषकर सिख श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधा मिलेगी।

# दहेज के लिए विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** अतिरिक्त दहेज में मायके से एक चार पहिया गाड़ी व नगदी न लाने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। तथा बिना वैधानिक तलाक दिए दूसरी शादी भी रचा ली। एस पी के आदेश पर कोतवाली पुलिस महिला के पति, ससुर सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में क्षेत्र के ग्राम अमृता खास निवासी अमर सिंह की पुत्री वैष्णवी देवी ने कहा है। कि उसका विवाह उसके पिता ने 8 जुलाई 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार रामप्रसाद के पुत्र सुनील कुमार निवासी मोहल्ला त्रिलोकी बिहार मिनी बायपास रोड थाना इज्जत नगर बरेली के साथ धूमधाम से किया था। पिता ने विवाह में अपनी समर्थ अनुसार भरपूर दान दहेज भी दिया था। ससुराल पक्ष के लोग इतने दहेज से संतुष्ट नहीं थे।विवाहिता का आरोप है। की शादी के कुछ समय बाद से ही पति सुनील कुमार, ससुर रामप्रसाद, जेठ अजय, जेठानी राखी, और ननद समेत अन्य ससुराल वाले एक राय होकर मायके से चार पहिया गाड़ी लाने पर दबाव बनाए हुए थे। मांग पूरी न होने पर 10 माह पूर्व पति ने उसे पर पेट्रोल डालकर जलाने का भी प्रयास किया। किंतु वह किसी तरह बच गई। इसके बाद भी हो लगातार उसके साथ मारपीट कर उसे यात्राएं देते रहे। पति सुनील कुमार ने अपने परिवार वालों की राय से वैष्णवी के रहते हुए अपनी दूसरी शादी रचा ली। विरोध करने पर आरोपी अब विवाहिता के परिवार वालों को कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की प्राथमिकी दर्ज कर गहनता से कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

## जेब से चूहे मारने की दवा बरामद, आत्महत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 7:36 बजे ग्राम रामनगरिया निवासी किरन देवी ने सूचना दी कि चौकी से लगभग 150 मीटर आगे पीलीभीत की ओर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही सुनगढ़ी थाना पुलिस और फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान मृतक के बाएं हाथ पर लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर संपर्क किया गया। इस पर ग्राम शाही, थाना जहानाबाद निवासी श्रीकृष्ण ने बताया कि उनका पोता अभिषेक (22) पुत्र स्वर्गीय शिवओम तीन जुलाई से लापता है। इस संबंध में जहानाबाद थाने में पांच जुलाई को गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए परिजनों को मौके पर बुलाया। पुलिस को मृतक की बाईं जेब से चूहे मारने की दवा का बंद पैकेट मिला है। वहीं युवक के मुंह और नाक से झाग निकल रहा था। शरीर पर बाएं गाल के ऊपर और दाहिने पैर के पंजे के पास हल्के चोट के निशान मिले हैं, जबकि अन्य कोई गंभीर बाहरी चोट नहीं पाई गई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# युवक ने पत्नी को हरिद्वार छोड़कर कर ली दूसरी शादी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पत्नी को हरिद्वार छोड़कर उसके पति ने घर आकर दूसरी शादी कर ली। पत्नी के ससुराल पहुंचकर शादी का विरोध करने पर गाली-गलौज कर पिटाई करके घर से धक्के मारकर निकाल दिया गया। जान से मारने की धमकी दी गई।

हजारा थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर पीड़िता की ओर से उसके पति सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि सात अक्तूबर 2022 को उसकी शादी क्षेत्र के गांव में हुई थी। शादी के बाद पति के साथ किराये के मकान में हरिद्वार में रहने लगी। कुछ दिन बाद पति ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी कर पाने में मजबूरी जताने पर उसकी कई बार पिटाई कर छोड़ देने की धमकी दी गई।17 अप्रैल को पति ने उसकी पिटाई की और अपने गांव चला आया। पति का पीड़िता कई दिन तक इंतजार करती रही। आठ मई को मायके और बाद में ससुराल पहुंचने पर उसे एक दिन पहले ही पति के दूसरी शादी करने की जानकारी हुई। कारण पूछने पर उसके पति ने एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी करने की जानकारी दी,आरोप है कि ससुराली उसे धक्के मारकर पिटाई कर घर से भगा दिया। नंदोई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।

# महाआरती कर चंदा गड़बड़ी की जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) की इकाई ने बिठौरा कला स्थित पुरवामढ़ी मंदिर में श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित चंदा गड़बड़ी के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि यह आयोजन भगवान श्रीहनुमान से प्रार्थना कर सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना तथा आरोपियों को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से किया गया। जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल प्रजापति ने समाज में सद्भाव, न्याय और राष्ट्रीय हित की भावना को मजबूत करने की बात कही, जबकि कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा ने राम जन्मभूमि आंदोलन में शिवसैनिकों के योगदान का उल्लेख किया। महाआरती के बाद शिवसैनिकों ने नारेबाजी करते हुए कथित चंदा गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल प्रजापति, कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा, प्रवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव, जिला सचिव सोनू गोस्वामी, बीसलपुर नगर अध्यक्ष चीनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिवसेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



चंदा गड़बड़ी की जांच की मांग करते शिवसैनिक। -जागरण मोर्चा



श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

# भाजपा कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, अखंड भारत और राष्ट्रवादी विचारों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा सभी को उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, प्रेम शंकर वर्मा, हेमराज दिवाकर, राजेश शर्मा, गोविंद पासवान, राम खिलावन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दो दिन के विशेष अभियान में 68 वाहनों के चालान

**पीलीभीत।** जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 4 और 5 जुलाई को दो टोल प्लाजाओं पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना बीसलपुर, गजरौला और यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों ने मुख्यमंत्री व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर यह कार्रवाई की। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, मॉडीफाइड साइलेंसर, हूटर-सायरन, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और फॉल्टी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 68 वाहनों के चालान काटकर 3,12,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला। इसमें ड्रंकन ड्राइविंग के 21 और हूटर-सायरन के 35 चालान शामिल रहे।

# हाईवे पार कर रही महिला की कार की टक्कर से दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पूरनपुर।** नगर के आसाम हाईवे पर गांव मोहनपुर चौराहे के पास सड़क हादसे में हाईवे पार कर रही महिला की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कार सवारों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

उत्तराखंड के हल्द्वानी के किच्छा निवासी जशोदा पिछले कुछ दिनों से अपने परिजनों के साथ मोहनपुर चौराहे के पास अस्थायी रूप से रह रही थीं। परिवार फूल बेचकर अपना जीवनयापन करता है। रोजाना की तरह रविवार को फूल बेचने का काम कर रही थी। रविवार देर शाम जशोदा सड़क के एक ओर से दूसरी ओर जाने के लिए असम हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान खुटार की ओर से तेज गति से पीलीभीत की तरफ जा रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जशोदा सड़क पर दूर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कार सवारों को पकड़ लिया और सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने कार और उसके सवारों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई और परिजनों से भी बातचीत की। कोतवाल पवन पांडेय ने बताया कि सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की भी जांच कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पूरनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया,चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घुंघचाई निवासी प्रवेश पुत्र नन्हेलाल रविवार रात किसी काम से घर से निकला था। बताया जा रहा है कि वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रवेश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही अस्पताल में मौजूद परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस ने वताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप के आसपास से गुजरने वाले इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली लोड बढ़ाने पर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा विंग के नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों का अधिभार (लोड) बिना आवेदन बढ़ाए जाने का विरोध जताया। इस संबंध में व्यापारियों ने विद्युत विभाग के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।



मनमाने तरीके से बिजली लोड बढ़ाये जाने के विरोध में ज्ञापन देते व्यापारी।

ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि बिना उपभोक्ताओं की सहमति अथवा आवेदन के बिजली कनेक्शनों का लोड बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इससे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि बिना आवेदन किसी भी उपभोक्ता का विद्युत अधिभार न बढ़ाया जाए तथा जिन मामलों में ऐसा किया गया है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। इस दौरान युवा विंग के नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में संजीव यादव, मो. हसन, रिजवान सिद्दीकी, शहबुल हसन, शादाब शेरी, मुजस्सिम वारसी, अंकित अग्रवाल, मो. एजाज, यूसुफ अली, मंसूर अजहरी, कासिम, दीपक मनचंदा, छोटेलाल, मायाराम, राजेंद्र गुलाटी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक को पुलिस के हवाले किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** एक युवक ने पत्नी और ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि पत्नी से विवाद होने पर उसने डायल 112 पुलिस बुला ली। पुलिस उसे ससुराल छोड़ गई,जहां ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। किसी तरह वह खेतों के रास्ते भागकर अपने घर पहुंचा। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी दिनेश की ससुराल गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव में है। रविवार को वह अपनी पत्नी के साथ अपनी पुत्री का इलाज कराने गया था। इलाज कराने के बाद दोनों वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के बाद पत्नी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों से बातचीत की। युवक का आरोप है कि पुलिस उसे उसके ससुराल लेकर पहुंची। वहां पहले से मौजूद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की बात सुनकर युवक ससुराल पक्ष के लोगों से बचने के लिए वह किसी तरह वहां से निकलकर खेतों के रास्ते भागा और काफी देर बाद अपने गांव स्थित घर पहुंचा। घर पहुंचने पर उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी,जिसके बाद परिवार के लोगों में आक्रोश फैल गया। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से शिकायत करने की बात कही है।

# बुलेट साइलेंसर कार्रवाई पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में यातायात पुलिस द्वारा रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडीफाइड साइलेंसरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर अब सवाल उठने लगे हैं। हिंदू जागरण मंच के नगर संयोजक एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर उपाध्यक्ष ॠषिकांत कनौजिया ने यातायात पुलिस की कार्रवाई की वैधता पर सवाल खड़े करते हुए जन सूचना अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत यातायात पुलिस के जनसूचना अधिकारी से विस्तृत जानकारी मांगी है। आरटीआई आवेदन अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी द्वारा तैयार किया गया है।

आरटीआई में पूछा गया है कि चेकिंग के दौरान पुलिस किस कानूनी प्रावधान, शासनादेश या न्यायालय के आदेश के आधार पर मौके पर ही मॉडीफाइड साइलेंसर उतरवाकर जब्त कर रही है। साथ ही इस कार्रवाई से संबंधित सभी प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई है। आवेदन में यह भी सवाल उठाया गया है कि क्या किसी यातायात पुलिसकर्मी को सड़क पर ही वाहन के पुर्जे खुलवाने या उन्हें क्षतिग्रस्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है। यदि साइलेंसर उतारने के लिए किसी अधिकृत मैकेनिक की सहायता ली जाती है तो उसका नाम, विवरण और अधिकृत होने के प्रमाण भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। आरटीआई में 4 जुलाई को थाना सुनगढ़ी गेट पर 53 मॉडीफाइड साइलेंसरों पर रोड रोलर चलाकर उन्हें नष्ट किए जाने की कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया है। आवेदक ने पूछा है कि जिन वाहन स्वामियों के साइलेंसर जब्त किए गए, उन्हें क्या जब्ती रसीद या कोई कानूनी पावती दी गई थी।

यदि दी गई तो किस वाहन स्वामी को किस पुलिसकर्मी द्वारा कब रसीद प्रदान की गई, उसका प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा पिछले एक वर्ष के दौरान जब्त किए गए मॉडीफाइड साइलेंसरों को नष्ट करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेशों की प्रमाणित प्रतियां भी मांगी गई हैं। आरटीआई आवेदन के माध्यम से यातायात पुलिस की कार्रवाई की कानूनी प्रक्रिया और अधिकारों को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए गए हैं। अब इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से दिए जाने वाले जवाब पर सभी की नजरें टिकी हैं।

**एक नजर**

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में फायर-इलेक्ट्रिक सेफ्टी कार्यशाला व मॉक ड्रिल आयोजित

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार के निर्देशन में फायर व इलेक्ट्रिकल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यशाला तथा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर सेफ्टी नोडल अधिकारी डॉ. अमृता बाजपेयी के समन्वय और फायर अधिकारी शैलेंद्र सिंह के सहयोग से कर्मचारियों व छात्रों को आग लगने के कारणों व अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला में एलपीजी सिलेंडर दुर्घटनाओं से बचाव और आपातकालीन इवैक्यूएशन प्लान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. अमृता बाजपेयी ने बताया कि 22 जून और 3 जुलाई 2026 को हुए कार्यक्रमों में करीब 580 कर्मचारियों, एमबीबीएस व नर्सिंग छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा एक्स-सर्विसमैन गार्ड्स को पंप रूम संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया और निर्माण निगम के सहयोग से फायर अलार्म सिस्टम का ऑडिट भी संपन्न कराया गया।

# लापता युवक का शव मक्के के खेत में मिला

## चेहरा क्षतिग्रस्त, जमीन विवाद में हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** तीन दिन से लापता 20 वर्षीय युवक का शव सोमवार को मक्के के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था, जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया।



युवक का फाइल फोटो

परिजनों ने कपड़ों और अन्य निशानों के आधार पर शव की पहचान की। सूचना मिलते ही पुलिस, फोरेंसिक टीम और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. हृदेश कठेरिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम नरौरी नरौरा निवासी ऋषिकांत (20) पुत्र जयशंकर के रूप में हुई है। मृतक के भाई चंद्रकेश ने बताया कि ऋषिकांत करीब तीन दिन पहले शाम को घर से निकला था। वह अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गया था। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार को परिवार गुमशुदगी की तहरीर देने थाने पहुंचा था। इसी दौरान सूचना मिली कि राजाराम के मक्के के खेत में एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान ऋषिकांत के रूप में की। मृतक के पिता जयशंकर ने आरोप लगाया कि परिवार का जमीन को लेकर अपने भाई से लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि इसी रंजिश के चलते उनके बेटे की हत्या कर शव खेत में फेंका गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. हृदेश कठेरिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से बातचीत कर मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।



लगी ग्रामीणों की भीड़ व परिजन। -जागरण मोर्चा

### एएसपी ग्रामीण बोले

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. हृदेश कठेरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों सहित सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कहीं प्रेम प्रसंग में तो नहीं की गई है युवक की हत्या

पिता गांव में किसी से दुश्मनी का होना नहीं बता रहा है, जबकि लोग दबी जुबान से प्रेम प्रसंग का मामला बताते नजर आ रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं की प्रेम प्रसंग के चलते ही युवक की हत्या की गई है। यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकेगा।

### पैरों में बंधी मिली रस्सी

युवक के पैरों में रस्सी बंधी हुई थी। बताया जा रहा है कि युवक इसी रस्सी को अपने साथ लेकर घर से निकला था। आखिर वह खेत तक कैसे पहुंचा। यह जांच का विषय है, इस पूरे मामले की पुलिस व फॉरेंसिक टीम गंभीरता से जांच कर रही है।

# मृतक युवकों के परिजनों से मिले विधायक, सांत्वना दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** सड़क हादसे में नगर पंचायत फैजगंज के दो युवकों की मौत के बाद सोमवार को जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

नगर पंचायत फैजगंज के वार्ड संख्या छह निवासी ओमकार जाटव के पुत्र कुलदीप जाटव और सियाराम जाटव के पुत्र संजीव सागर की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हादसे की सूचना पर बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य और भाजपा नेता हरिओम पाराशरी ने दोनों परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खान भी पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। उनके साथ संजीव गुप्ता, सलीम, वैभव पाराशरी, अमोद तिवारी, ब्रजलाल मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने भी दोनों परिवारों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान गौरव कुमार, प्रकाश प्रजापति, पाले अली, मुकेश पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। दोनों युवकों की असामयिक मौत से नगर पंचायत फैजगंज और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# ट्रैक्टर-ई-रिक्शा भिड़ंत में एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर, शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली क्षेत्र के राजनपुर रोड स्थित ग्राम दियाखेड़ा के पास रविवार शाम करीब 8:30 बजे ट्रैक्टर और ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम चाहरपुर से खेत में धान की रोपाई करके घर लौट रहे मजदूरों से भरे ई-रिक्शा में ग्राम दियाखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार करण सिंह (55) पुत्र गंगादीन सिंह निवासी ग्राम राजनपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। करण सिंह राजनपुर गांव के चौकीदार थे। वहीं ई-रिक्शा चालक कुलदीप (20) निवासी ग्राम चाहरपुर, फूलवती (50), फूलन देवी (45) निवासीगढ़ मोहल्ला भक्शी तथा दिलशाद (35) निवासी मोहल्ला इमली गंभीर रूप से घायल हो गए। ई-रिक्शा में चालक सहित कुल आठ लोग सवार थे। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी तिलहर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। बही पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी गोला देवी सहित छह बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि फरार ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया आगे की कार्यवाही की जा रही है।





## मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**बिसौली।** राममूर्ति देवी प्रेमशंकर बालिका विद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला उपनिरीक्षक पूजा तोमर के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उपनिरीक्षक ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे बिना डरे यूपी-112 और महिला हेल्पलाइन 1090 पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। इस दौरान महिला कांस्टेबल पलक और अंजलि सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

# सामाजिक वानिकी ने लकड़ी से भरी डीसीएम पकड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के असम हाईवे पर सामाजिक वानिकी विभाग की टीम ने संदिग्ध रूप से लकड़ी लेकर जा रही एक डीसीएम को रोककर बड़ी कार्रवाई की।

गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान अधिकारियों को वाहन पर शक हुआ। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने चालक से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र और अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा। प्रारंभिक जांच के दौरान दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। दस्तावेजों में संदेह और जांच की आवश्यकता को देखते हुए टीम ने डीसीएम को कब्जे में लेकर वन विभाग के परिसर पहुंचाया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में लकड़ी का परिवहन अवैध पाया जाता है या आवश्यक अनुमति नहीं मिलती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम और अन्य लागू प्रावधानों के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग यह भी पता लगा रहा है कि लकड़ी किस स्थान से काटी गई थी और इसे किस गंतव्य तक ले जाया जा रहा था। सामाजिक वानिकी विभाग ने हाल के दिनों में अवैध कटान और लकड़ी की तस्करी पर रोक लगाने के लिए निगरानी और चेकिंग अभियान तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जंगलों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे तथा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षेप समाचार**

### सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव की जिम्मेदारी

**शाहजहांपुर।** जनपद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण (एसडीए) के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।अब तक विकास प्राधिकरण के सचिव का दायित्व अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी संभाल रहे थे। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद अजय कुमार त्रिपाठी नगर निगम के साथ-साथ विकास प्राधिकरण के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी देख रहे थे।आदेश के तहत अब सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत विकास प्राधिकरण के सचिव के रूप में कार्य करेंगे, जबकि अजय कुमार त्रिपाठी नगर निगम की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### जलालाबाद का नाम बदलकर हुआ परशुराम पुरी

**शाहजहांपुर।** योगी कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है। यहां शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदल दिया गया है। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक जलालाबाद का नया नाम होगा "परशुरामपुरी" कर दिया गया है। भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में जलालाबाद प्रसिद्ध है, जिसे अब परशुरामपुरी कहा जाएगा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की मांग पर यह फैसला लिया गया है। ऐसे में अब शाहजहांपुर के जलालाबाद की नई पहचान परशुरामपुरी के रूप में होगी।जलालाबाद के भाजपा नेता मनमोहन द्विवेदीनेजलालाबाद का नाम परशुराम पुरी करने परसरकार को धन्यवाद दिया है।

### 20 जुलाई तक करें हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन

**पीलीभीत।** हज-2027 पर जाने के इच्छुक मुस्लिम श्रद्धालु 20 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे। हज यात्रा के लिए मशीन-पठित (मशीन रीडेबल) पासपोर्ट अनिवार्य होगा, जिसकी वैधता 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए। इस बार हज यात्रा के लिए 40 दिन और 20 दिन की दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें से आवेदक अपनी सुविधा के अनुसार विकल्प चुन सकेंगे। आवेदन के साथ पासपोर्ट, फोटो, निवास प्रमाण, बैंक खाते का विवरण तथा कैंसिल चेक या पासबुक की प्रति अपलोड करनी होगी। एक आवेदन समूह में अधिकतम पांच लोग शामिल हो सकते हैं और सभी को एक ही श्रेणी का चयन करना होगा। बिना मेहरम श्रेणी में 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएं भी आवेदन कर सकेंगी, हालांकि 65 वर्ष से अधिक आयु की महिला के साथ 40 से 64 वर्ष आयु का एक कंपेनियन होना अनिवार्य रहेगा।

### ओडीओपी वुड उत्पाद प्रशिक्षण साक्षात्कार 8-9 जुलाई को

**पीलीभीत।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के तहत वुड उत्पाद ट्रेड के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 8 और 9 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार सुबह 11 बजे से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, अमरिया बस स्टैंड के निकट होंगे। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से निर्धारित समय पर समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने की अपील की है। मूल दस्तावेज न होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा। 19 जून 2025 से 6 जुलाई 2026 के बीच पोर्टल पर आवेदन करने वाले लाभार्थियों के प्रपत्रों की जांच भी इन्हीं तिथियों में की जाएगी। अभ्यर्थियों को बैंक पासबुक, आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।



डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुई बैठक में मौजूद भाजपा विधायक।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बैठक

**बरखेड़ा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं मासिक मंडल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद तथा मंडल प्रभारी हर्षित चौधरी रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन और देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव, चंद्रपाल दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष उमा मिश्रा, विजय प्रजापति, अमित गुप्ता, पुष्पा गंगवार, युगल वर्मा, कमलेश राजपूत, लालता प्रसाद लोधी आदि रहे।

# पटेल चौक स्काई वॉक हादसे के बाद स्मार्ट सिटी प्रशासन सक्रिय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के पटेल चौक पर बने स्काई वॉक से पिछले दिनों एक युवक की गिरकर मौत हो जाने के बाद स्मार्ट सिटी प्रशासन हरकत में आ गया है। वर्षों से संचालन की राह देख रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अब गंभीर प्रयास शुरू किए गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार, इसी सप्ताह स्मार्ट सिटी बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें इसके संचालन से जुड़ा अंतिम फैसला लिया जा सकता है।करीब 11.18 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्काई वॉक के संचालन के लिए अब तक चार बार टेंडर (निविदाएं) आमंत्रित किए जा चुके हैं, लेकिन हर बार विफलता ही हाथ लगी। दो बार कोई एजेंसी सामने नहीं आई, जबकि दो बार तकनीकी और अन्य कारणों से प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी। इस वजह से व्यस्त ट्रैफिक से पैदल यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से बनी यह परियोजना अब तक चालू नहीं हो सकी।स्काई वॉक के चालू होने पर लोग बिना सड़क पार किए बरेली कॉलेज-नगर निगम, हनुमान मंदिर, चौकी चौराहा और चौपुला की ओर सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। इस परियोजना के तहत चारों दिशाओं में भुजाएं तैयार हैं और पांच सीढ़ियों के साथ एक एस्केलेटर व चार लिफ्ट भी लगाई जा चुकी हैं। यहाँ 88 कियोस्क स्थापित कर स्थानीय व्यंजनों की सुविधा भी विकसित की जाएगी।

# एसओएफ ओलंपियाड में गुलाब राय स्कूल का परचम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** डोहरा रोड स्थित प्रतिष्ठित श्री गुलाब राय मॉण्टेसरी स्कूल के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (SOF) द्वारा आयोजित विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र, पदक एवं नकद पुरस्कार वाउचर प्रदान किए गए।

समारोह में SOF ओलंपियाड के प्रथम एवं द्वितीय स्तर में सफल कुल 30 छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए, जिनमें से 13 विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय (जोनल) रैंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के निदेशक त्रिजित अग्रवाल ने सभी विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हिंदी ओलंपियाड में कक्षा 3 की छात्रा सम्राज्ञी जायसवाल ने जोनल पाँचवीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके अलावा विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, एसएसटी और कंप्यूटर ओलंपियाड में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विद्यालय के निदेशक त्रिजित अग्रवाल मेधावी छात्र को सम्मानित करते हुए।

## बदायूं में सहकारी सम्मेलन आयोजित

**बदायूं।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने पर विकास भवन सभागार में सोमवार को सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता और विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जे.के. सक्सेना ने "सहभागिता ही सहकारिता है" के मूल मंत्र पर जोर दिया। इफको के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में सहकारी समितियों के सचिवों को जैविक व नैनो उर्वरकों के लाभ बताए गए। साथ ही ड्रोन तकनीक के उपयोग और प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों और समिति सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# समाधान दिवस में 60 शिकायतें, 4 का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर, कलीनगर।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग शिकायतों का समयबद्ध समाधान कर निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने राजस्व मामलों में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की मौजूदगी में मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी बीसलपुर, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सीओ बीसलपुर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**वहीं, कलीनगर** के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई। सीडीओ ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष समाधान किया जाए और किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिन मामलों का मौके पर निस्तारण संभव था,उनका तत्काल समाधान कराया गया, जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, जल निगम, पंचायत, पूर्ति एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर शिकायतों का निस्तारण करें। विशेष रूप से भूमि विवाद और राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे, ताकि विवादों का स्थायी समाधान हो सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



फरियादियों की फरियाद सुनते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# आवास योजना में नाम कटाने पर महिलाओं का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों को अपात्र और अपात्रों को पात्र कर नाम काट दिए गए। इससे नाराज दर्जनों लोगों ने तहसील पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर अधिकारियों से जांच करवा कर पात्रों को आवास दिलाने की मांग की है।

पूरनपुर ग्राम पंचायत सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी कई लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके नाम काट दिए गए। कोई भी सरकारी योजना का लाभ नही मिला। आज भी कई लोग कच्चे घरों में रहकर गुजर बसर कर रहे है। लोग आवास प्लस योजना के पात्र है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने पूरनपुर में प्लाट खरीदकर रह रही है। उनका पूरा काम पुत्र देखता है। आरोप है कि आवास प्लस योजना के तहत हुए सर्वे में कई पात्रो के नाम काट दिए गए। आरोप है कि सर्वे करने आए अधिकारियों ने प्रधान के इसारे पर नाम काट दिए। और जिन लोगों ने रुपये दे दिए उनके नाम सूची में शामिल कर दिए गए। सूची में कई नाम ऐसे है जिनके मकान पक्के वने हुए है। लेकिन गरीब और पात्रों के नाम काट दिए गए। जिससे नाराज लोगो व महिलाओं ने सोमवार को पूरनपुर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को पत्र देकर अच्छे अधिकारी से जांच कराकर पात्रों को आवास दिलाए जाने की मांग की है।

# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता महिला टी20 विश्व कप का खिताब

## इंग्लैंड को उनके घर में ही 7 विकेट से हराकर किया शर्मसार

**लंदन**

लंदन, आरएनएन। ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में टीम की भिड़ंत इंग्लैंड से थी। दोनों टीमों अजेय रहते हुए फाइनल तक पहुंची थी। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने 7वीं बार खिताब अपने नाम किया है। अन्य कोई भी टीम एक बार से ज्यादा खिताब नहीं जीत पाई है। इंग्लैंड को चौथी बार फाइनल में हार मिली है। हर बार उसके सामने ऑस्ट्रेलिया की ही टीम थी। पहले बैटिंग करते हुए फाइनल में इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 150 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से 18वें ओवर में मैच अपने नाम कर लिया।

### इंग्लैंड ने पावरप्ले में दो विकेट गंवाए

ऐतिहासिक लॉर्डस मैदान में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी। इंग्लैंड ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों को सस्ते में गंवा दिया। एमी जोंस 6 और डैनी व्याट 8 रन बनाकर आउट हुईं। 32 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को कप्तान नैट सीवर-ब्रंट और एलिस कैप्सी ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 35 रन की साझेदारी की। कैप्सी 20 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद इंग्लैंड को हेदर नाइट के रूप में चौथा झटका 70 के स्कोर पर लगा। नाइट महज 2 रन बनाकर आउट हो गईं। 70 पर 4 विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को कप्तान ब्रंट और छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं फ्रेया केम्प ने संभाला। दोनों ने नाबाद 80 रन की साझेदारी कर टीम को 150 तक पहुंचाया। केम्प ने 28 गेंदों पर 1 छक्का और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर नाबाद लौटीं। ब्रंट 53 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, कप्तान सोफी मोलिनक्स और एनाबेल सदरलैंड ने 1-1 विकेट लिए।




### इस तरह 7वीं बार बनाया रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रिकॉर्ड सातवीं बार विमेंस टी20 वर्ल्ड कप जीता है।यह टीम 2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023 और 2026 के संस्करण में चैम्पियन बनी। इंग्लैंड (2009), वेस्टइंडीज (2016) और न्यूजीलैंड (2024) ने एक-एक मौके पर टी20 वर्ल्ड कप में खिताबी जीत हासिल की। खास बात यह है कि सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस वर्ल्ड कप में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया, जो उसके दबदबे का सबूत है।

### बेथ मूनी बनीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले आईसीसी ने चार खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नॉमिनेट किया था। इसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी, इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज, भारत की स्मृति मंधाना और साउथ अफ्रीका की मारिजाने कैप का नाम शामिल था। लेकिन फाइनल मुकाबले के बाद इन चारों में से किसी को यह अवॉर्ड नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को महिला टी20 विश्व कप 2026 का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। मूनी इस टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहीं। 7 मैचों में उन्होंने 47.60 की औसत और 142.51 की स्ट्राइट रेट से 238 रन बनाए। फाइनल मुकाबले में 64 रन बनाकर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। बेन मूनी फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं।



### 2022 का फ्रांस से हिसाब बराबर करना चाहेगी मोरक्को की टीम

# 4 वर्ष बाद फिर क्वार्टर फाइनल में होगी फ्रांस व मोरक्को की टक्कर

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट स्टेज में पराग्वे को 1-0 से हराने के बाद पिछले बार के उप-विजेता फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर लिया है। लेकिन फुटबॉल फैंस की नजरें अब अगले दौर के उस महामुकाबले पर टिक गई हैं, जहां फ्रांस का सामना अफ्रीका की जाइंट-किलर टीम मोरक्को से होने जा रहा है। यह मुकाबला केवल सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने की जंग नहीं है, बल्कि इसमें इतिहास की कड़वाहट और बदले की आग भी शामिल है।

याद दिला दें कि कतर में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में भी यही दोनों टीमें आमने-सामने थीं। उस ऐतिहासिक नॉकआउट मुकाबले में फ्रांस ने मोरक्को के सपने को 2-0 से तोड़कर फाइनल का टिकट कटाया था। अब ठीक चार साल बाद, दोनों टीमें एक बार फिर वर्ल्ड कप के नॉकआउट स्टेज में टकराने जा रही हैं। जहां एक तरफ मोरक्को के एटलस लायंस के पास पिछले सेमीफाइनल में मिली उस दर्दनाक हार का हिसाब चुकता करने का सुनहरा मौका है, वहीं फ्रांसीसी टीम विश्व फुटबॉल में मोरक्को पर अपने दबदबे को हर हाल में कायम रखना चाहेगी।



### फ्रांस और पराग्वे के खिलाड़ी आपस में भिड़े

मैच का अंत बेहद गरमा-गरमी और ड्रामे के साथ हुआ। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल शैली के लिए जानी जाने वाली पराग्वे की टीम ने खेल को काफी आक्रामक बना दिया। अंतिम पलों में एम्बापे पर हुए एक खतरनाक टैकल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। मैच खत्म होने की सीटी बजने के बाद भी खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। इस दौरान फ्रांस के मानू कोने को भी रेफरी ने येलो कार्ड दिखाया। पराग्वे ने अंतिम पलों में बराबरी के लिए काफी जोर लगाया और फ्रांस के गोलकीपर माइक मैनन को एक शानदार सेव करने पर मजबूर किया, लेकिन वे फ्रांस के मजबूत डिफेंस को भेद नहीं सके। अब पराग्वे की चुनौती को समाप्त करने के बाद फ्रांस के सामने मोरक्को की वो टीम है जो कनाडा को 3-0 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

### एम्बापे ने की लियोनेल मेसी की बराबरी

फिलाडेल्फिया के मैदान पर फ्रांस को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने का काम उनके करिश्माई कप्तान किलियन एम्बापे ने किया। पराग्वे के खिलाफ यह मुकाबला बेहद शारीरिक और तनावपूर्ण रहा, जिसे फ्रांस ने 1-0 से अपने नाम किया। मैच का निर्णायक मोड़ 70वें मिनट में आया, जब वीएआर रिव्यू के बाद रेफरी ने पाया कि पराग्वे के डिएगो गोमेज ने पेनाल्टी बॉक्स के अंदर फ्रांस के डेसिरे डुआरे को गलत तरीके से गिराया था। फ्रांस को मिली पेनाल्टी पर कप्तान एम्बापे ने कोई गलती नहीं की और गेंद को गोलकीपर की विपरीत दिशा में नेट के अंदर डाल दिया। इस विनिंग गोल के साथ ही एम्बापे के इस टूर्नामेंट में 7 गोल हो गए हैं और वे गोल्डन बूट की रेस में लियोनेल मेसी के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं।





# भारत ए ने श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से रौंदा, गुरनूर व सुदर्शन छाए

## अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम का रहा दबदबा

**गाले**

ध्रुव जुरेल की कप्तानी वाली इंडिया-ए ने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में श्रीलंका-ए को एकतरफा मुकाबले में मात दे दी है। 4 दिन तक चले खेल में भारतीय टीम का दबदबा देखने को मिला।

पहली पारी में श्रीलंकाई कप्तान सहन अचिनागे ने मेहमानों को खेल में बनाए रखा। उनकी टीम ने 366 रन बोर्ड पर लगाए। साई सुदर्शन के 168 रनों से लेकर सारांश जैन के 70 रनों ने भारत को 543 के स्कोर तक पहुंचाया। गुरनूर बराड़ ने पहली पारी में 4 बल्लेबाजों को शिकार बनाया फिर दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर विपक्षी टीम को 209 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

### गुरनूर बराड़ ने दूसरी पारी में लिए 6 विकेट

गुरनूर बराड़ दूसरी पारी में भारत के लिए हीरो रहे। 12.5 ओवर के स्पेल में उन्होंने 6 विकेट लिए। श्रीलंका की ओर से ऐशेन बंडारा के 86 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में कामयाब नहीं हुआ। 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। श्रीलंका 209 के स्कोर पर सिमटा, जिसके चलते 33 रन का ही टारगेट मिला। साई और अमन की जोड़ी ने 38 गेंदों में इसे हासिल कर लिया। साई ने 25 रन की पारी खेली तो वहीं अमन ने 11 रनों का योगदान दिया।

### साई सुदर्शन ने खेली 168 रन की पारी

भारत की ओर से पहली पारी में साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। 2 दिन के मैराथन पारी में उन्होंने 267 गेंदों तक क्रीज पर नजरें जमाई रखी। 22 चौकों के साथ उन्होंने 168 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल 94 के स्कोर पर आउट हुए। रुतुराज गायकवाड़ 13 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए। ऐसे में भारत की पारी लड़खड़ाती हुई नजर आ रही थी। कप्तान ध्रुव जुरेल और सारांश जैन ने निचले क्रम में आकर क्रमशः 53 और 70 रन की पारी खेली। जिसके बूते भारत ने 543 रन बनाए।

### बाबर आजम 3 साल बाद फिर से बने टेस्ट कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम का ऐलान करते हुए बाबर आजम को कप्तानी सौंप दी है। बाबर ने शान मसूद की जगह ली है, जो पिछले कुछ समय से टीम की कमान संभाल रहे थे। बाबर अब 25 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज और 19 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान की अगुआई करेंगे।

### टैलेंट सर्च में दिखा युवाओं का दम

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित टैलेंट सर्च 2026-27 अभियान प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर बन रहा है। राज्य खेल अकादमियों के लिए योग्य खिलाड़ियों के चयन के लिए आयोजित ट्रायल्स में लगातार बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने पूरी तरह तैयार हैं। राजधानी स्थित टीटी नगर स्टेडियम तथा झाबुआ में आयोजित चयन ट्रायल्स में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीटी नगर स्टेडियम स्थित मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी में आयोजित चयन ट्रायल्स में कुल 148 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# बुमराह ने रेड बॉल से शुरु की प्रैक्टिस

### इंग्लैंड वनडे और श्रीलंका टेस्ट सीरीज पर नजर

**नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने अहमदाबाद में लाल एसजी बॉल से गेंदबाजी करते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। बुमराह आईपीएल से ब्रेक के बाद गुजरात डोमेस्टिक टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है।



### टेस्ट सीरीज 15 अगस्त से

बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए आईपीएल 2026 में 13 मैचों में सिर्फ 4 विकेट लिए। उनका औसत 102.50, इकोनॉमी 8.36 और बेस्ट प्रदर्शन 15 रन देकर 1 विकेट रहा। बुमराह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 पारियों में 14 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद भारत 15 से 27 अगस्त तक श्रीलंका में दो टेस्ट मैच खेलेगा।

# पृथ्वी शॉ और मंगेतर आकृति के रिश्ते में दरार

**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की मंगेतर आकृति अग्रवाल की एक कथित इंस्टाग्राम पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पोस्ट में आकृति ने बिना किसी का नाम लिए अपने साथ हुए कथित धोखे का जिक्र किया है। हालांकि उन्होंने कहीं भी सीधे तौर पर पृथ्वी शॉ का नाम नहीं लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आकृति अग्रवाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा था, मेरे साथ कई बार धोखा हुआ, फिर भी मैंने कभी कुछ नहीं कहा। एक कदम आगे बढ़ने के बाद भी मुझे अब तक यकीन नहीं होता। इसके बाद उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, सब कुछ सच है। हर अफवाह सच है। सोशल मीडिया पर आप उसके बारे में जो कुछ भी देखते हैं। बताया जा रहा है कि यह पोस्ट बाद में डिलीट कर दी गई। हालांकि इसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। आकृति की इस कथित पोस्ट के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कई यूजर्स का मानना है कि यह पोस्ट पृथ्वी शॉ की ओर इशारा कर रही थी। पृथ्वी शॉ दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें आईपीएल 2026 में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। कुछ समय से उनका करियर खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्याओं से प्रभावित रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पृथ्वी शॉ ने टीम इंडिया में वापसी की अपनी इच्छा जताते हुए कहा कि वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल उन्होंने मानसिक रूप से खुद को तरोताजा करने कुछ समय का ब्रेक लिया था।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।